Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, बस्ती, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड एवं राजस्थान में प्रसारित



असम में बाढ़ का कहर, पीएम ने की समीक्षा बैठक.....01

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

एक प्रधान हटाकर प्रधानमंत्री को बचा लिया: अखिलेश...01

वर्ष: 04 अंक: 23 | बदायूं, बुधवार 29 जुलाई 2026 | पृष्ठ- 08 | मूल्य- 4.00 रूपये

# असम में बाढ़ का कहर, पीएम ने की समीक्षा बैठक

## विधायकों ने किया एक महीने का वेतन देने का एलान

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने असम के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त बाढ़ की स्थिति पर राज्य के सांसदों के साथ बैठक की। इसके साथ ही आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है।



एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लोगों की सुरक्षा और कुशलक्षेम के लिए प्रार्थना की। उन्होंने एक्स पर लिखा, असम के सांसदों से मुलाकात की और राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। केंद्र सरकार प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। मैं सभी की सुरक्षा और कुशल मंगल की कामना करता हूं।

इस बीच, असम के शिवसागर जिले में बाढ़ की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है क्योंकि नौजान गांव में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया और सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे सैकड़ों परिवार आश्रय, भोजन और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि राहत अभियान तेज कर दिए गए हैं।

वहीं, असम के विधायकों ने एक बड़ा फैसला लिया है। रायजोर दल को छोड़कर सभी विधायकों ने मंगलवार को राज्य के बाढ़ पीड़ितों की राहत और पुनर्वास के लिए अपने एक महीने का वेतन दान करने की घोषणा की।

अध्यक्ष रणजीत कुमार दास ने कहा कि वह और उपाध्यक्ष हब्बे टेरोन बाढ़ राहत के लिए एक महीने का वेतन दान करेंगे। उन्होंने घोषणा की, श्हमारे अलावा, विधानसभा सचिवालय के सभी कर्मचारी पीड़ितों की राहत और पुनर्वास के लिए एक दिन का वेतन दान करेंगे।

इस पहल का स्वागत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि भाजपा के सभी विधायक भी एक महीने का वेतन दान करेंगे। राज्य में तृणमूल कांग्रेस के इकलौते विधायक शेरमन अली अहमद ने भी ऐसा ही किया और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए अपने एक महीने का वेतन दान करने की घोषणा की।

भारतीय वायुसेना की ओर से असम और नागालैंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों में मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान लगातार जारी है। खराब मौसम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद वायुसेना राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से जुटी हुई है। मंगलवार को भारतीय वायुसेना ने बताया कि पिछले 10 दिनों के दौरान उसके हेलीकॉप्टरों ने बाढ़ में फंसे 458 लोगों को सुरक्षित बचाकर निकाला है।

वायु सेना के मुताबिक, अभी तक प्रभावित क्षेत्रों में हवाई मार्ग से 9 टन से अधिक आवश्यक राहत सामग्री भी पहुंचाई गई है। वायुसेना के अधिकारी व जवान, राहत अभियान के दौरान हेलीकॉप्टर से लगातार दुर्गम और जलमग्न क्षेत्रों में उड़ान भर रहे हैं।

बता दे कि कुल 631 गांव अभी भी जलमग्न हैं। वहीं, राहत कार्य 184 शिविरों और वितरण केंद्रों के माध्यम से जारी हैं, जहां लगभग 28,700 लोगों को आश्रय दिया गया है।

## चश्मदीद ने पुलिस से बयां की सच्चाई

# पूर्व राज्य मंत्री नानक दीन भुर्जी की विधायक निवास की 7वीं मंजिल से गिरकर दर्दनाक मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** के हजरतगंज स्थित नए विधायक निवास में मंगलवार दोपहर पूर्व राज्य मंत्री और भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री नानकदीन भुर्जी की सातवीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई। घटना दोपहर करीब दो बजे हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।



पुलिस का कहना है कि यह मामला आत्महत्या का है या हादसा, इस बारे में अभी कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। मौके से मिले साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

56 वर्षीय नानकदीन भुर्जी भाजपा के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में प्रदेश महामंत्री थे। उन्होंने हिंदुस्तान पिछड़ा मोर्चा नामक संगठन की स्थापना भी की थी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लखनऊ में नए विधायक निवास की सातवीं मंजिल से गिरकर पूर्व राज्य मंत्री और भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नानकदीन भुर्जी की मौत के बाद भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि घटना के समय वह प्रदेश भाजपा कार्यालय में मौजूद थे। सूचना मिलते ही वह अन्य पदाधिकारियों के साथ मौके के लिए रवाना हुए, लेकिन रास्ते में पता चला कि नानकदीन भुर्जी को सिविल अस्पताल ले जाया गया है। प्रकाश पाल ने बताया कि अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें नानकदीन भुर्जी के निधन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भुर्जी सातवीं मंजिल से कैसे गिरे और किन परिस्थितियों में यह घटना हुई, इसकी जानकारी फिलहाल किसी को नहीं है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। लखनऊ के नए विधायक निवास की सातवीं मंजिल से गिरने से पूर्व राज्य मंत्री और भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नानकदीन भुर्जी की मौत के मामले में नए तथ्य सामने आए हैं।

## एक नजर

### आतंकी हमले की साजिश नाकाम, दो संदिग्ध गिरफ्तार



**दिल्ली।** पुलिस ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी शाहबाज अंसारी के एक और मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस अभियान के तहत दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार संदिग्धों के पास से एक सब-मशीन गन और तीन अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं। इसके साथ ही 82 कारतूस भी जब्त किए गए हैं। बरामद की गई सब-मशीन गन (एसएमजी) चेकोस्लोवाकिया में निर्मित है। यह हथियार पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते भारत में लाया गया था। गिरफ्तार किए गए आरोपी सलीम पिस्टल ने इसे पाकिस्तान से भारत पहुंचाया था। पुलिस ने बताया कि इसी मॉड्यूल के सदस्यों से पहले भी एक मशीन गन पकड़ी जा चुकी है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 6 जुलाई को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो अलग-अलग मॉड्यूल का पर्दाफाश किया था। पुलिस ने इस मामले में दिल्ली और पंजाब के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार, पिस्तौल और खतरनाक पेट्रोल बम (मोलोटोव कॉकटेल) बरामद किए गए हैं।

शहजाद भट्टी नेटवर्क के मॉड्यूल दो अलग-अलग नेटवर्क के जरिए रच रहे थे साजिश

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी दो बेहद खतरनाक और अलग-अलग नेटवर्क के माध्यम से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

पहला मॉड्यूल इसका सीधा संबंध आतंकी गतिविधियों और देश विरोधी साजिशों से था, जो किसी बड़ी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में था। दूसरा मॉड्यूल यह पूरी तरह से अवैध हथियारों की तस्करी (आर्म्स स्मगलिंग) में लिप्त था, जो अपराधियों और गैंगस्टरों को हथियारों की सप्लाई करता था।

# प्रियंका ने उठाया जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज का मुद्दा, बोलीं पीएम मोदी कैमरे का नहीं दिल का एंगल बदलें

**दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। संसद में प्रियंका गांधी ने कहा कि बच्चों पर लाठियां किसके आदेश पर चलाए गए, यह सवाल पूरा देश पूछ रहा है, अध्यापक, छात्र, माता-पिता पूछ रहे हैं सिर्फ कांग्रेस नहीं पूछ रही है। ये सदन सांसदों की जागीर नहीं है।



मंगलवार को संसद में प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत एक घटना से की । जब मैं एक घायल छात्रा से मिलने गए, तो उसकी मां बोली- सुबह से बड़े-बड़े नेता आए। वह भी आए जिनकी वजह से बेटी का यह हाल हुआ। मैं सरकार से पूछना चाहती हूं- क्या जरूरत थी, बच्ची पर ज्यादती करने की। देश के युवाओं पर पैलेट गन चलवाने की क्या जरूरत थी।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने छात्रों पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किया। प्रियंका गांधी ने पूछा कि छात्रों पर आंसू गैस के गोले क्यों छोड़े गए और लाठीचार्ज क्यों किया गया। क्या छात्रों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है? उन्होंने युवा महिला प्रदर्शनकारियों के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर भी नाराजगी जताई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह से जवाब मांगा।

प्रियंका गांधी ने संसद में सरकार पर तीखा हमला करते हुए प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफकथित तौर पर पैलेट गन के इस्तेमाल पर जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि हम बार-बार सवाल कर रहे हैं कि इस कार्रवाई की अनुमति किसने दी और क्या यह आदेश प्रधानमंत्री या गृह मंत्री की ओर से आया था। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश के छात्र, उनके माता-पिता और शिक्षक इस मामले में जवाब चाहते हैं। संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक जवाबदेही का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधि जनता के सेवक होते हैं, शासक नहीं। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल किया। ऐसे में उन्हें न्याय, पारदर्शिता और सम्मान मिलना चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा, इस सरकार ने रोजगार पैदा करने वाले सभी सेक्टरों को लगातार कमजोर किया है। पेपर लीक से करोड़ों छात्र प्रभावित हुए, लेकिन एक भी दोषी को सजा नहीं मिली। शिक्षण संस्थानों में संघ के प्रचारकों को भर-भरकर नियुक्त किया।

# आईसीजी में नई नीति लागू: लैगिंग समानता की दिशा में बड़ा कदम

## महिलाओं को पुरूषों के बराबर अवसर

**दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) में अधिकारियों की भर्ती के लिए नई नीति लागू की है। इसके तहत लिंग-तटस्थ ढांचा अपनाया गया है, जिससे महिलाओं के लिए अधिक अवसर सुनिश्चित किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि नई नीति की प्रमुख विशेषताओं में महिलाओं को शॉर्ट सर्विस अपॉइंटमेंट (एसएसए) और परमानेंट अपॉइंटमेंट (पीए) दोनों में पुरुषों के समान अवसर देना शामिल है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम में भारतीय तटरक्षक बल के लिए दो महत्वपूर्ण नीतिगत सुधारों की घोषणा की। इनका उद्देश्य अधिकारियों की भर्ती और सेवा शर्तों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना तथा ड्यूटी के दौरान समुद्र में लापता होने वाले कर्मियों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, पहली नीति के तहत भारतीय तटरक्षक बल में अधिकारियों की भर्ती के लिए लिंग-तटस्थ ढांचा लागू किया गया है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में महिला उम्मीदवारों को शॉर्ट सर्विस अपॉइंटमेंट (एसएसए) और परमानेंट अपॉइंटमेंट (पीए) दोनों में पुरुष उम्मीदवारों के समान अवसर प्रदान करना शामिल है। मंत्रालय ने बताया कि एसएसए अब पुरुष उम्मीदवारों के लिए भी उपलब्ध रहेगा।

बयान के अनुसार, नई नीति प्रशिक्षण के शुरुआती चरण से ही करियर में समान अवसर सुनिश्चित करती है। वर्तमान में स्थायी नियुक्ति पर कार्यरत महिला अधिकारियों को पात्रता की शर्तें पूरी करने पर उच्च पदों पर पदोन्नति के लिए भी विचार किया जाएगा। इसके अलावा, वर्तमान में एसएसए पर कार्यरत महिला अधिकारियों को निर्धारित शर्तें पूरी करने पर अपनी सेवा को परमानेंट अपॉइंटमेंट (पीए) में बदलने का विकल्प भी दिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा, यह प्रगतिशील कदम नारी शक्ति और देश की समुद्री सुरक्षा व्यवस्था में समान अवसर के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दूसरा नीतिगत सुधार ड्यूटी के दौरान समुद्र में लापता होने वाले तटरक्षक बल के कर्मियों के परिजनों को राहत देने और प्रशासनिक प्रक्रिया को आसान बनाने से जुड़ा है। मंत्रालय ने कहा कि इस नीति के तहत ड्यूटी के दौरान समुद्र में लापता हुए आईसीजी कर्मी को अनुग्रह राशि देने के उद्देश्य से मृत मानने का अधिकार संबंधित प्राधिकरण को दिया गया है। इससे परिजनों को अनुग्रह राशि और सेवा समाप्ति से जुड़े लाभ तेजी से मिल सकेंगे।

# डिप्टी सीएम केशव बोले- नकल माफिया है समाजवादी पार्टी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पेपर लीक और नकल के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को नकल तथा पेपर लीक के मामलों में बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। सपा नकल माफिया की राजनीति करती रही है। दो दिन के दौरे पर प्रयागराज पहुंचे केशव सोमवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार ने पेपर लीक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और आने वाले समय में पेपर लीक करने वालों को और भी सख्त सजा देने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि टास्क फोर्स का गठन किया गया है, फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था की जा रही है और संसद में इस संबंध में सख्त कानून लाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में गड़बड़ी सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबसे पहले दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया। सरकार छात्रों का सम्मान करती है और उनकी चिंता को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। पेपर लीक रोकने के लिए विशेषज्ञों को शामिल कर व्यापक व्यवस्था तैयार की जा रही है।

# एक प्रधान हटाकर प्रधानमंत्री को बचा लिया: अखिलेश

**दिल्ली।** लोकसभा में पेपर लीक रोकने से जुड़े संशोधन विधेयक पर हुई लंबी चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख सांसद अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को नीट-यूजी 2026 परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ हुए छात्र आंदोलन का नतीजा बताया। अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने एक प्रधान को हटाकर प्रधानमंत्री को बचा लिया। उन्होंने दावा किया कि करोड़ों युवाओं के दबाव के कारण सरकार को झुकना पड़ा और अब सरकार को आंदोलन के दौरान किए गए सभी आश्वासन भी सार्वजनिक करने चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि वह शुरू से इस आंदोलन को देख रहे थे। उनके मुताबिक, आंदोलन के बाद एक नारा सबसे ज्यादा सुनाई दिया कि सरकार को लगता था वह कभी नहीं झुकेगी, लेकिन युवाओं ने साबित कर दिया कि झुकाने वाला चाहिए, सरकार भी झुकती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारियों की पहली बड़ी मांग स्वीकार करते हुए धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लिया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने अन्य मांगों पर भी सहमति बनाई है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया जा रहा कि उन आश्वासनों को संसद के सामने क्यों नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब धर्मेंद्र प्रधान मंत्री पद छोड़ने के बाद संसद पहुंचे तो उनका स्वागत हुआ, लेकिन इस फैसले से सदन के कई सदस्यों ने राहत की सांस ली होगी।



अखिलेश यादव ने कहा कि यह पहला ऐसा छात्र आंदोलन था, जिसमें केवल छात्र ही नहीं बल्कि उनके माता-पिता भी खुलकर साथ आए। उन्होंने कहा कि लगभग 20 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी और अगर उनके परिवारों को भी जोड़ लिया जाए तो करोड़ों लोग इस मुद्दे से प्रभावित हुए। उनके मुताबिक, यही कारण था कि आंदोलन इतना बड़ा बन गया। उन्होंने कहा कि आंदोलन की सफलता ने यह भी दिखाया कि सरकार तब ही मांगें मानती है, जब उस पर दबाव बनता है। उन्होंने 2020-21 के किसान आंदोलन का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार ने चुनाव नजदीक आने पर तीनों कृषि कानून वापस ले लिए थे। उन्होंने उम्मीद जताई कि छात्रों की बाकी मांगें भी सरकार स्वीकार करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जो दल शुरुआत में मजाक लगता था, वह आगे चलकर बड़ा आंदोलन बन गया और सरकार को झुकना पड़ा।

अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार ने 2024 में भी पेपर लीक रोकने के लिए कानून बनाया था, फिर उसके बाद भी नीट-यूजी 2026 जैसी परीक्षा में कथित पेपर लीक कैसे हो गया। उन्होंने कहा कि अगर कानून प्रभावी होता तो सरकार को दोबारा संशोधन विधेयक लाने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में कई परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं सामने आईं। उन्होंने दरोगा भर्ती, जूनियर इंजीनियर भर्ती, ग्राम विकास पंचायत अधिकारी भर्ती, नलकूप चालक भर्ती, यूपीटीईटी, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा, सिपाही भर्ती, सहायक प्रोफेसर भर्ती और लेखपाल भर्ती जैसी परीक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि कई मामलों में अदालत तक जाना पड़ा और परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सीजेपी ने किया स्वागत, सरकार को याद दिलाए समझौते

**दिल्ली।** छात्र आंदोलनों के दौरान पुलिस की कथित ज्यादती के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अंतरिम आदेश जारी किया है। अदालत ने 18 वर्ष से कम उम्र के ऐसे छात्र प्रदर्शनकारियों को रिहा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट के इस फैसले को सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।



आशुतोष रांका ने कहा, 'हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। इस देश में छात्रों और युवाओं को बिना किसी कारण के परेशान नहीं किया जाना चाहिए। हमें उम्मीद है कि 25 जुलाई को सरकार के साथ हुए हमारे समझौते का पालन किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि, 'समझौते के तहत, न केवल दिल्ली में बल्कि देश भर के सभी भाजपा शासित राज्यों में प्रदर्शनकारियों या छात्रों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। हमें यह भी उम्मीद है कि केंद्र सरकार आज की समय सीमा तक लिखित समझौता भेजेगी और इस अध्याय को समाप्त करने में मदद करेगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि छात्रों पर पुलिस की कथित ज्यादती के आरोप प्रथम दृष्टया निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग करते हैं। अदालत ने कहा कि पूरे मामले की पारदर्शी जांच के लिए आगे चलकर स्वतंत्र समिति या विशेष जांच दल के गठन पर भी विचार किया जा सकता है।

# बीएसए और सीडीओ को लिखा शिकायत पत्र



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** आगरा विकास खंडज खंदौली क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रशासक आशीष शर्मा ने विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें बड़े पैमाने पर शिक्षक और कर्मचारी गायब मिले।सुबह 8:20 बजे कन्या कम्पोजिट विद्यालय, उजरई कला के निरीक्षण में भारी लापरवाही सामने आई, जहां सहायक अध्यापिका मंजुलता,रेखा रानी,माया शुक्ला,प्रियंका चौधरी, शादाब,शिक्षामित्र रमा शर्मा, रेखा शाक्य और अनुदेशक शशिपाल सिंह अनुपस्थित पाए गए। इसके बाद सुबह 8:40 बजे प्राथमिक विद्यालय, लाल गढ़ी पहुंचने पर इंचार्ज प्रवीण कुमार, सहायक अध्यापक वंदना यादव, दीपक कुमार और विशाल अग्रवाल नदारद मिले। वहीं, सुबह 8:50 बजे प्राथमिक विद्यालय, नगला धमाली में इंचार्ज अनुराधा शर्मा और सहायक अध्यापक दुर्गेश हालांकि, सुबह 9:00 बजे प्राथमिक विद्यालय, गढ़ी राठौड़ का निरीक्षण करने पर संपूर्ण स्टाफ उपस्थित मिला। विद्यालयों में इस प्रकार की लचर कार्यप्रणाली और अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए ब्लॉक प्रमुखध्प्रशासक आशीष शर्मा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर सभी लापरवाह शिक्षकों एवं कर्मियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है।

# 1 अगस्त को नवीन सर्किट हाउस में होगी महिला जनसुनवाई

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** मा० अध्यक्ष, उ०प्र० राज्य महिला आयोग डॉ० बबीता सिंह चौहान का जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है।

मा० अध्यक्ष महोदया दिनांक 01.08.2026 को प्रात: 11 बजे नवीन सर्किट हाउस सभागार में उपस्थित रहेंगी।



योजनाओं की समीक्षा बैठक - महिला कल्याण, बाल विकास व पुष्टाहार, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पिछड़ा वर्ग कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक कल्याण, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, पंचायती राज, कौशल विकास, परिवहन, मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

महिला जनसुनवाई - जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नामित वरिष्ठ अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थानों के क्षेत्राधिकारी के साथ महिला उत्पीड़न के प्रकरणों की समीक्षा व जनसुनवाई होगी।

जनसुनवाई में उपरोक्त सभी विभागों के संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग की सूचनाओं के साथ उपस्थित रहेंगे तथा प्राप्त आवेदनों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा।

मा० राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा महिला उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महिला जनसुनवाई का लाभ उठाए।

# युवक की हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस, मिली महिला की लाश



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** आगरा के थाना ताजगंज के अंतर्गत नगला पेमा रोड पर बंद कमरे में युवक की लाश की सूचना पर पहुंची पुलिस को महिला की लाश मिली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकली लाश को पोस्टमार्टम भेज जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक,नगला पेमा रोड निवासी फरहान के पिता ने सुबह करीब सात बजे पुलिस को सूचना दी कि पुत्रवधू ने उसके बेटे की हत्या कर दी है और लाश को कमरे में बंद कर फरार हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। और बंद कमरे का दरवाजा जब तोड़ा तो अंदर पुरुष की जगह महिला की लाश मिली। पुलिस ने बताया कि शिनाख्त के बाद पता चला कि लाश फरहान की पत्नी की है। जबकि फरहान की कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। डीसीपी सिटी अली अब्बास ने बताया कि नगला पेमा में रहने वाले फरहान ने दो महीने पहले झांसी की रहने वाली उसमा से दूसरी शादी की थी। फरहान की पहले पत्नी को छोड़ दिया था। उसके बच्चे बाबा के पास रह रहे थे। उसमा के भी दो बच्चे थे। वो उसके साथ ही रहते थे। फरहान कुछ दिन पहले ही उन्हें झांसी छोड़कर आया था। घटना के बाद से फरहान फरार है। ऐसे में उस पर ही हत्या का शक है। मृतक के सिर में चोट के निशान हैं।

# बंद मकान में चोरी करने वाले 2 शातिर चोर गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** थाना शाहगंज पुलिस और सर्विलांस सेल नगर जोन की संयुक्त टीम ने बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों के आभूषण चोरी करने वाले 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 33.50 लाख रुपये का माल बरामद हुआ है।



पुलिस के अनुसार 17 जुलाई 2026 को वादी ने सूचना दी थी कि उनके छोटे भाई की पत्नी जब अस्पताल से वापस आई तो घर के अंदर गैलरी और कमरे का ताला टूटा मिला। अलमारी तोड़कर उसमें रखा सोना-चांदी के सभी आभूषण चोरी हो गए थे। इस संबंध में थाना शाहगंज में मु०अ०सं०-348/2026 धारा 305(ए)/331(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस उपायुक्त नगर के निर्देश पर गठित टीम ने 28 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर पथौली गांव से आगे सरिता धाम की ओर जाने वाले रास्ते से 2 अभियुक्तों अवधेश और रूपकिशोर को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1 तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस, 1 चाकू, 253.32 ग्राम पीली धातु के आभूषण मय मोती, 1373.5 ग्राम सफेद धातु का सामान, नकद 700 रुपये और 1 सुजुकी हयाते मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब 33.50 लाख रुपये आंकी गई है।

## सार-संक्षेप

### उ०म०रे० में वृहद वृक्षारोपण अभियान संपन्न



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह के दिशा- निर्देशन में उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मंडलों आगरा,झांसी और प्रयागराज में जो वृक्ष लगाता है, वह आशा का बीजारोपण करता है थीम के अंतर्गत एक व्यापक मेगा स्पेशल वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष ड्राइव के दौरान तीनों मंडलों में रेल परिसरों, स्टेशनों और यार्डों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया।

आगरा मंडल में लगभग 100 विभिन्न स्थानों पर 1 लाख पौधे लगाए गए। इनमें छायादार, फलदार और विभिन्न प्रजातियों के आकर्षक फूल वाले पौधे शामिल रहे। क्षेत्रवार वितरण के तहत मथुरा अलवर पलवल क्षेत्र में लगभग 33,000, धौलपुर क्षेत्र में 21,000, लाइन आगरा क्षेत्र में 16,000, आगरा क्षेत्र मंआ 15,000 और ईदगाह क्षेत्र में 15,000 पौधे रोपे गए। यह अभियान आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, ईदगाह, कुबेरपुर, धौलपुर, मनिया, भांडई, ऊदी मोड़ और चिकसाना सहित विभिन्न रेलवे परिसरों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।झांसी मंडल ने इस ड्राइव के दौरान अभूतपूर्व उत्साह दिखाते हुए लगभग 2 लाख पौधों का रोपण किया। इसमें झाँसी में 57,735 पौधे, ग्वालियर में 55,100 पौधे तथा महोबा व बांदा क्षेत्र में 34,970 पौधे शामिल रहे। इसके अतिरिक्त झाँसी मंडल के कानपुर क्षेत्र में 27,592 और ललितपुर क्षेत्र में 26,965 पौधों का रोपण दर्ज किया गया। वहीं प्रयागराज मंडल ने मुख्यालय द्वारा दिए गए 1.50 लाख के लक्ष्य को पार करते हुए एक ही दिन में 1.62 लाख पौधे रोपे, जिसके साथ ही मंडल द्वारा अब तक किया गया कुल पौधारोपण 6.56 लाख के आंकड़े तक पहुंच गया है। इस मेगा ड्राइव में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जैव विविधता को बढ़ावा देना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। सभी प्रतिभागियों ने लगाए गए पौधों के नियमित संरक्षण और देखभाल का भी दृढ़ संकल्प लिया, ताकि भविष्य के लिए स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण किया जा सके।

### बारिश का कहर नाले का पानी दुकान में घुसा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** आगरा में हुई तेज बारिश ने। एक बार फिर नगर निगम के जलनिकासी दावों की पोल खोल दी। टेढ़ी बगिया चौराहे पर स्थित । खुशी रेडीमेड कपड़े की दुकान में। जलभराव के कारण बारिश का पानी घुस गया। जिससे दुकानदार को हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

मामला आगरा के टेढ़ी बगिया क्षेत्र का है। जहां लगातार हुई बारिश के बाद सड़क पर जलभराव हो गया। देखते ही देखते पानी कपड़े की दुकान में घुस गया। दुकान में रखा सामान पानी में भीग गया। जिससे दुकानदार को हजारों रुपये के नुकसान हो गया। दुकानदार का कहना है कि । क्षेत्र में जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। हर बारिश में यही स्थिति बन जाती है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से अब तक। कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

# कांवड़ यात्रा के दौरान रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और डीजीपी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एडीजी जोन रमित शर्मा ने सोमवार रात बरेली पुलिस लाइन में जोन स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई। यहां बरेली के डीआईजी अजय कुमार साहनी व मुरादाबाद के डीआईजी मुनिराज गोबू के साथ ही जोन के सभी नौ जिलों के पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। रात साढ़े दस बजे तक चली बैठक में एडीजी ने कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर अफसरों को निर्देश दिए। एडीजी ने कहा कि जत्थों




में महिलाएं भी रहेंगी, इसलिए सुरक्षा के सभी बेहतर विकल्प अपनाए जाएं। शिवालयों पर हर सोमवार खास सतर्कता बरती जाए। चोर उचक्कों व शोहदों से पुलिस सख्ती से निपटे। बैठक में यातायात प्रबंधन को सुचारु बनाने के लिए निर्देश दिए। साथ ही, भीड़ नियंत्रण और पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पड़ोसी जिलों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने को प्राथमिकता दी गई। बरेली में कांवड़ यात्रा के दौरान तीन दिवसीय उर्स-ए-रिजवी का आयोजन होना है। इसके मद्देनजर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर बल दिया गया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई गईं। यातायात प्रबंधन को सुचारु बनाने के लिए कई उपाय सुझाए गए। इन आयोजनों को शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए निर्देश दिए गए। नागरिक सुरक्षा विभाग की तरफसे सावन में श्रद्धालुओं की मदद के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसके लिए कुल 642 स्वयंसेवक (वालंटियर्स) बनाए गए हैं। ये पांच तहसीलों में छोटे-बड़े शिवालयों व कांवड़ मार्गों की निगरानी करेंगे।

# सम्मान से नही होगा कोई समझौता: सुनील




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** आज राष्ट्रीय परशुराम परिषद की ब्रज क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक आगरा में आयोजित की गई। यह बैठक केवल ब्राह्मण समाज के सम्मान, स्वाभिमान और उत्थान को लेकर बुलाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार में निवर्तमान राज्य मंत्री, संस्थापक संरक्षक राष्ट्रीय परशुराम परिषद पंडित सुनील भराला ने की। बैठक को संबोधित करते हुए पंडित सुनील भराला ने कहा कि ष्हम किसी से बैर नहीं रखते, लेकिन अपने सम्मान से समझौता भी नहीं करेंगे।

अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर ब्राह्मण एकजुट हो जाए तो उसे कोई झुका नहीं सकता। हमें शिक्षा, संस्कार और सेवा के रास्ते पर चलकर समाज को नई दिशा देनी होगी।ष् भराला ने आगे कहा कि ष्जो लोग ब्राह्मण समाज को कमजोर समझने की भूल कर रहे हैं, उन्हें इतिहास से सबक लेना चाहिए। परशुराम के वंशज अन्याय के खिलाफहमेशा खड़े रहे हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। इस दौरान श्री भराला ने भाजपा नेता गोविंद शर्मा के पुत्र एवं खेमचंद शर्मा के भतीजे देव शर्मा को नेशनल चौंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। भराला ने कहा कि समाज के युवा शिक्षा और खेल दोनों में आगे बढ़ें, यही हमारी असली ताकत है।

बैठक में ब्राह्मण समाज को संगठित करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में समाज को जोड़ने और युवाओं को संस्कारों से जोड़ने का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल दुर्गेश शुक्ला जी, जिला अध्यक्ष परशुराम स्वाभिमान सेना आगरा पंडित खेमचंद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा गोविन्द शर्मा, जिला अध्यक्ष अलीगढ़ सचिन शर्मा, गोपाल शर्मा, ब्रज क्षेत्रीय अध्यक्ष सोनू शर्मा, पूर्व पार्षद जितेन्द्र पाराशर, पंकज गोयल सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बरेली में कामधेनु गोशाला पर चला बीडीए का बुलडोजर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली के प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मौलानगर में पार्क की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई कामधेनु गोशाला पर मंगलवार को बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) का बुलडोजर आखिरकार चल ही गया। इस कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। आचार्य संजीव गौड़ द्वारा संचालित इस गोशाला को लेकर स्थानीय लोगों ने बीडीए से शिकायत की थी। आरोप लगाया कि लगभग 500 वर्गगज क्षेत्रफल में फैले पार्क की भूमि पर अवैध कब्जा कर गोशाला का निर्माण किया गया है, जिसके कारण बच्चों के खेलने और



लोगों के टहलने के लिए आरक्षित सार्वजनिक स्थान पूरी तरह से समाप्त हो गया था। इस शिकायत के बाद बीडीए ने मामले की जांच की और निर्माण को अवैध ठहराते हुए इसके ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए थे। इससे पहले भी 24 जुलाई को इस गोशाला को गिराने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई थी, जिसके तहत सुबह से ही पुलिस और पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया था, लेकिन किसी कारणवश बीडीए की टीम वहां नहीं पहुंच सकी थी और प्रशासन को कार्रवाई टालनी पड़ी थी। मंगलवार को एक बार फिर से पुलिस बल, पीएसी की एक कंपनी, सीओ सिटी और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बीडीए की टीम बुलडोजर के साथ मौलानगर पहुंची और गोशाला पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। जैसे ही बुलडोजर ने निर्माण को तोड़ना शुरू किया, मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इसका विरोध जताना शुरू कर दिया। इस दौरान बीडीए के अधिकारियों और विरोध कर रहे लोगों के बीच नोकझोंक हुई। हालांकि, मौके पर तैनात पुलिस बल ने स्थिति को तुरंत संभाल लिया और विरोध कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर पीछे हटाया, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में बनी रही।

# छात्रों के लिए राहत की खबर रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने इस कोर्स की फीस घटाई

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली के महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने छात्रों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक में बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (बीएमएस) पाठ्यक्रम की वार्षिक फीस 10 हजार रुपये कम की गई है। इसके साथ ही, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक (एआई) के लिए पांच करोड़ रुपये का बजट भी मंजूर किया गया है।

सोमवार को यह बैठक कुलपति केपी सिंह की अध्यक्षता में कुलपति कार्यालय स्थित समिति कक्ष में हुई। इसमें आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 को ध्यान में रखा



गया। व्यवसाय प्रशासन विभाग के स्नातक पाठ्यक्रम बीएमएस की फीस 50,000 रुपये से घटाकर 40,000 रुपये प्रति वर्ष की गई है। यह कटौती सत्र 2026-27 से लागू होगी। इसका उद्देश्य अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों के शुल्क में समानता लाना है। व्यवसाय प्रबंधन विभाग में नौ नए रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इनमें बैंकिंग, रिटेल, लॉजिस्टिक्स, हेल्थकेयर, टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्र शामिल हैं। शारीरिक शिक्षा विभाग के बीपीईएस पाठ्यक्रम के शुल्क को भी मंजूरी मिली है। विश्वविद्यालय ने शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक के लिए पांच करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। यह आधुनिक शिक्षा और तकनीकी प्रगति की दिशा में एक बड़ा कदम है। कुलपति केपी सिंह ने बताया कि यह निवेश विश्वविद्यालय को तकनीकी शिक्षा में नई पहचान दिलाएगा। इससे विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होंगे। स्थानीय समुदाय में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भी निर्णय लिए गए हैं। विश्वविद्यालय के एथलेटिक ट्रैक, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, शूटिंग रेंज, बॉक्सिंग रिंग और बास्केटबॉल कोर्ट का उपयोग बाहरी खिलाड़ी कर सकेंगे। इसके लिए विभिन्न शुल्क तय किए गए हैं। कुलपति ने बताया कि यह समाज को स्वस्थ और प्रतिस्पर्धी माहौल देने की दिशा में एक पहल है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने तीन वर्षीय विधि (अनुदानित) पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि तीन अगस्त तक बढ़ा दी है। इससे पहले प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने संबद्ध महाविद्यालयों के लिए भी आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। तीन अगस्त तक प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों का विवरण महाविद्यालयों को पांच अगस्त तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही प्रवेश परीक्षा परिणाम सहित अन्य दस्तावेजों की हार्डकॉपी सात अगस्त तक कार्यालय में जमा करानी होगी। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि तय समयसीमा के बाद महाविद्यालयों की ओर से किए गए किसी भी प्रवेश को स्वीकार नहीं किया जाएगा। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के एनिमल साइंस विभाग में एमएससी प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2026-27) में प्रवेश के लिए द्वितीय काउंसलिंग की तिथि घोषित कर दी गई है। प्रवेश के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को 30 जुलाई को सुबह 10 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित एनिमल साइंस विभाग में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

# कछला घाट का एडीजे व डीआईजी ने किया निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** एडीजी बरेली जोन बरेली रमित शर्मा व डीआईजी बरेली जोन बरेली अजय कुमार साहनी ने जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के साथ संयुक्त रूप से कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों के दृष्टिगत मंगलवार को कछला घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं, जिससे कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने जानकारी



देते हुए बताया कि आगामी श्रावण मास में 30 जुलाई, 2026 से प्रारंभ होने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद में सेक्टर व जोन बनाते हुए वहां मजिस्ट्रेट/अधिकारी नामित किए गए हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान प्रकाश की बेहतर व्यवस्था की जा गई है तथा सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। शिविर संचालन के लिए भी स्थापना पूर्व अनुमति लेने सहित अन्य मापदण्ड बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा अथवा आपात स्थिति में त्वरित सहायता एवं प्रभावी समन्वय के लिए कलेक्ट्रेट स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) तथा पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9454402956 एवं 9454417440 पर भी किसी भी प्रकार की सूचना अथवा सहायता प्राप्त की जा सकती है। जिलाधिकारी ने बताया कि 30 जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान प्रत्येक शुक्रवार सायं 8:00 बजे से सोमवार सायं 5:00 बजे तक लागू रहने वाले रूट डायवर्जन को प्रभावी ढंग से लागू कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## ठेकेदारों के सामने आया आर्थिक संकट

**बदायूं।** विद्युत विभाग की ढुलमुल कार्यप्रणाली और वित्तीय कुप्रबंधन के चलते ठेकेदारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। विभाग में विकास व रखरखाव का कार्य पूरा कराने के बाद जब बिल सेंट्रल पेमेंट सेल (सी.पी.सी.) तक पहुँच चुके हैं, तब भी ठेकेदारों को उनका वाजिब भुगतान नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि विभाग बजट की कमी का बहाना बनाकर भुगतान लटका रहा है और ठेकेदारों पर अनुचित आर्थिक समझौतों के लिए दबाव बनाया जा रहा है। सूत्रों और प्रभावित ठेकेदारों के अनुसार, विभाग द्वारा दिए गए टेंडर के तहत सभी तकनीकी व मैदानी कार्य समय पर पूरे कर लिए गए हैं।

# परीक्षा परिणाम में बीआरपीवी कॉलेज बिल्सी का रहा शानदार प्रदर्शन

## डी फार्म में माहीन रहीं अव्वल

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिल्सी।** प्राविधिक शिक्षा परिषद,उत्तर प्रदेश द्वारा घोषित डी.फार्मा परीक्षा परिणाम में बीआरपीवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बिल्सी के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया।



प्रथम वर्ष में छात्रा माहीन ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वीरेश पाल ने द्वितीय तथा लवी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

वहीं द्वितीय वर्ष के परिणाम में छात्रा अंजली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मो. जुनैद द्वितीय तथा मो. शानू अली तृतीय स्थान पर रहे। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर कॉलेज परिसर में हर्ष का माहौल रहा। इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एडमिशन काउंसलर आदिल खान ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# सप्ताह भर में अज्ञात वाहनों को नहीं पकड़ पाई पुलिस

**बदायूं।** जनपद के के दातागंज तहसील अंतर्गत म्याऊं पुलिस चौकी क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर अज्ञात वाहनों की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। इन दोनों मामलों में पुलिस अब तक किसी भी अज्ञात वाहन या उसके चालक का पता नहीं लगा पाई है। पहली घटना 21 जुलाई मंगलवार को हुई, जब म्याऊं निवासी नावेद पुत्र रियासत को कृष्णा पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। पांच दिन के इलाज के बाद उनकी मौत हो गई।

दूसरी घटना 25 जुलाई को हुई, जिसमें म्याऊं रोड पर ढका पुलिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से होमगार्ड जवान हरीराम पुत्र रामस्वरूप की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के परिजनों ने संबंधित पुलिस को प्रार्थना पत्र दिए हैं। कस्बे की मुख्य सड़क पर दर्जन भर से अधिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद पुलिस अभी तक अज्ञात वाहनों तक पहुंचने में विफल रही है। दोनों मृतकों के परिजनों ने प्रशासन से अज्ञात वाहन और उसके चालक को जल्द पकड़ने की गुहार लगाई है। होमगार्ड जवान हरीराम के भाई ने एक वीडियो जारी कर पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि उनके भाई ने लंबे समय तक लोगों की सेवा की थी, लेकिन उनकी मौत के चार दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। वीडियो में भाई ने यह भी आरोप लगाया कि घटनास्थल के निशान देखकर यह अचानक हुआ हादसा नहीं लगता, बल्कि एक सोची-समझी साजिश प्रतीत होती है।

## सार-संक्षेप

### राज्य सरकार छात्रवृत्ति आवेदन हेतु समय सारणी जारी

**बदायूं।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया है कि उ०प्र० शासन ने वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2026-27 में अल्पसंख्यक वर्ग पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में ऑनलाईन आवेदन से लेकर वितरण हेतु समय सारणी जारी कर दी है। कक्षावार आवेदन के लिए तिथियाँ तय कर दी गई हैं। समय सारणी के अनुसार पूर्वदशम एवं दशमोत्तर(कक्षा 9-12) छात्रवृत्ति हेतु 22 जुलाई से 05 अगस्त 2026 तक समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से पासवर्ड प्राप्त कर संस्थाओं को मास्टर डाटा में सम्मिलित करना होगा।

उन्होंने बताया कि 11 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक कक्षा 9 से 12 तक के छात्र/छात्राओं को अपने आवेदन का नवीनीकरण करना होगा एवं हार्डकॉपी समस्त संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा करना होगा। 11 अगस्त से 21 सितम्बर 2026 तक कक्षा 9 से 12 तक के छात्र/छात्राओं को अपने नवीन आवेदन ऑनलाइन कर हार्डकॉपी समस्त संलग्नकों सहित 12 अगस्त से 05 अक्टूबर 2026 तक विद्यालय में जमा करना होगा। विद्यालय द्वारा 11 अगस्त से 30 अगस्त 2026 तक नवीनीकरण आवेदन तथा 13 अगस्त से 15 अक्टूबर 2026 तक नवीन आवेदन पत्रो को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि इसी प्रकार दशमोत्तर उच्च कक्षाओं हेतु 22 जुलाई से 15 अगस्त 2026 तक समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से पासवर्ड प्राप्त कर संस्थाओं को मास्टर डाटा में सम्मिलित करना होगा। 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक दशमोत्तर उच्च कक्षाओं के छात्र/छात्राओं को अपने आवेदन का नवीनीकरण कर हार्डकॉपी समस्त संलग्नकों सहित अपने संस्थान में जमा करना होगा। 15 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2026 तक दशमोत्तर उच्च कक्षाओं के छात्र/छात्राओं को अपने नवीन आवेदन ऑनलाइन कर हार्डकॉपी समस्त संलग्नकों सहित 16 सितम्बर से 04 नवम्बर 2026 तक संस्थान में जमा करना होगा। संस्थान द्वारा 15 सितम्बर से 25 अक्टूबर 2026 तक नवीनीकरण आवेदन तथा 16 सितम्बर से 10 नवम्बर 2026 तक नवीन आवेदन पत्रो को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। उन्होंने समस्त शिक्षण संस्थाओं व मदरसों के अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध,जैन व पारसी) के छात्र-छात्राओं को सूचित किया है कि उ०प्र० सरकार की छात्रवृत्ति वेबसाईट पर जाकर छात्रवृत्ति आवेदन करें।

### मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा

**बिसौली।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के द्वारा शक्ति भवन लखनऊ पर चल रहे धरना प्रदर्शन के समर्थन में विद्युत वितरण खंड तृतीय कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष इं. हर्षवर्धन एक दिवसीय क्रमिक अनशन पर बैठे। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार मो. हारिस को सौंपा। सोमवार को अनशन पर बैठे श्री हर्षवर्धन ने कहा कि पावर कॉर्पोरेशन ने पच्चीस हजार विद्युत संविदा कर्मचारियों को कार्य से मुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि हटाए गए कर्मचारियों को सरकार वापस ले अन्यथा आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 49 दिनों में 56 दुर्घटनाएं हुई है जिसमें 30 कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है। और 26 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सरकार एवं ऊर्जा प्रबंधन को इस पर रोक लगानी चाहिए। इस दौरान प्रदीप कुमार, धर्मवीर, वीरेंद्र कुमार, गौरव कुमार, सीमांत, नंदलाल, सत्येंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**बिसौली।** कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में रोटरी क्लब द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी प्रियंका गोयल, रोटरी क्लब के सचिव मुदित अग्रवाल, रोटरी आई हॉस्पिटल के चेयरमैन रवि प्रकाश अग्रवाल द्वारा पौधारोपण किया गया। सोमवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रियंका गोयल ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति पौधारोपण कर उसकी देखभाल करें, तो आने वाली पीढियां को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकता है। उन्होंने जुलाई माह में उपस्थिति 150 बच्चों को प्रमाण पत्र व स्टेशनरी देकर सम्मानित किया। उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा विद्यालय को विशेष सहयोग के लिए उनका धन्यवाद दिया व भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने का अनुरोध किया। रोटरी क्लब के सचिव मुदित अग्रवाल ने विद्यालय को क्षेत्र का आदर्श विद्यालय बताया, यहां के बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी उत्तीर्ण होते हैं। रवि प्रकाश अग्रवाल ने रोटरी क्लब द्वारा भविष्य में भी हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पीएम पोषण योजना में तिथि भोजन के अंतर्गत रोटरी क्लब द्वारा सभी बच्चों को फल वितरण किया गया।

# ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का किया बाहय निरीक्षण

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित वीवीपैट एवं ईवीएम गोदाम का बाह्य निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था, परिसर की साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन उपकरणों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वीवीपैट एवं ईवीएम गोदाम की सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गोदाम परिसर में सुरक्षा व्यवस्था लगातार प्रभावी बनी रहे तथा सीसीटीवी कैमरे, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक संसाधन सदैव क्रियाशील स्थिति में रहें।

उन्होंने गोदाम परिसर की नियमित निगरानी, साफ-सफाई एवं अभिलेखों के समुचित रखरखाव के भी निर्देश दिए तथा कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं हर समय दुरुस्त रखी जाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधानाचार्यों को दी गई स्काउटिंग के दलों के पंजीकरण, नवीनीकरण की जानकारी

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचार्या की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें स्काउटिंग की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने, दलों के पंजीकरण, नवीनीकरण के अलावा बच्चों और वयस्कों के प्रगतिशील प्रशिक्षण आदि को लेकर विशेष जानकारियां दी गई।



कार्यशाला का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग के माध्यम से बच्चे देश के श्रेष्ठ नागरिक बनते हैं। आज की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए बच्चों को स्काउटिंग का प्रशिक्षण दिलाना जरूरी है।

मुख्य वक्ता दास कालेज के प्रोफेसर मनवीर सिंह ने कहा कि प्रधानाचार्य के सहयोग से ही स्काउटिंग को बुलंदियों तक पहुंचा जा सकता है।अपने विद्यालयों में स्काउटिंग के दलों को और सक्रिय बनाएं।

जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सक्सेना ने विद्यालय से आने वाले स्काउटिंग शुल्क की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शुल्क भेजने के बाद स्काउट प्रशिक्षण केंद्र पर शुल्क विवरण से जरुर अवगत कराएं।

सहायक प्रदेशिक संगठन कमिश्नर बरेली मंडल बरेली प्रीति कुमारी ने प्रादेशिक संस्था द्वारा आगामी आयोजित कार्यक्रम बीएसजी छात्रवृत्ति, बीएसजी स्किल प्रतियोगिता से अवगत कराया। जिला संगठन कमिश्नर एवं राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान प्राप्त मोहम्मद असरार ने कहा कि जिन विद्यालयों के दलों का पंजीकरण नहीं हुआ है, शीघ्र पंजीकरण कराएं, वहीं पंजीकृत दलों का प्रतिवर्ष नवीनीकरण और 15 प्रतिशत शुल्क अनिवार्य रुप से जमा करें। जिससे बच्चे स्काउटिंग में आगे बढ़ सकें। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने युवाओं के बेसिक कब मास्टर, फ्लाक लीडर, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर लीडर, रेंजर लीडर, एडवांस कोर्स, प्री हिमालय बुडबैज, हिमालय बुडबैज, प्रीएएलटी, एएलटी, प्री एलटी, एलटी आदि कोर्सों जानकारी दी। जिला सचिव आलोक कुमार पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन मोहम्मद असरार ने किया इस मौके पर प्रशिक्षक नंदराम शाक्य, प्रधानाचार्य वीरू आदि मौजूद रहे।

# दादा-दादी एवं नाना-नानी के सन्निध्य में उल्लासपूर्वक मनाया गया ग्रैंडपेरेंट्स डे समारोह

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिल्सी।** नगर के बाबा इंटरनेशनल स्कूल बिल्सी में मंगलवार को पी.जी. से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों के दादा-दादी एवं नाना-नानी के सम्मान में ग्रैंडपेरेंट्स डे समारोह का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और उनके दादा-दादी एवं नाना-नानी के बीच स्नेह, सम्मान एवं संस्कारों के अटूट रिश्ते को और अधिक सुदृढ़ करना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय चेयरपर्सन श्रीमती कमलेश वार्ष्णेय, विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय विद्यालय निदेशिका साधना वार्ष्णेय, कृति वार्ष्णेय, विद्यालय प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने दीप प्रज्वलन कर किया द्य विद्यालय परिसर में पधारे सभी दादा-दादी एवं नाना-नानी का विद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत, नृत्य एवं स्वागत कार्यक्रमों के माध्यम से अपने प्रिय बुजुर्गों के प्रति प्रेम, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान दादा-दादी एवं नाना-नानी के लिए अनेक मनोरंजक खेल, रोचक गतिविधियाँ एवं सहभागितापूर्ण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों और उनके दादा-दादी एवं नाना-नानी के साथ बिताए गए ये आनंदमय पल सभी के लिए यादगार बन गए। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय द्वारा सम्मानित भी किया गया।

विद्यालय चेयरपर्सन कमलेश वार्ष्णेय ने अपने संदेश में कहा कि दादा-दादी एवं नाना-नानी केवल परिवार के वरिष्ठ सदस्य ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपराओं और जीवन-मूल्यों के सच्चे संवाहक होते हैं। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और स्नेह से बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है।

विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय एवं निदेशिका साधना वार्ष्णेय ने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में परिवार के विभिन्न सदस्यों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजन बच्चों और उनके दादा-दादी एवं नाना-नानी के बीच भावनात्मक जुड़ाव को सुदृढ़ करने के साथ-साथ उन्हें भारतीय संस्कृति एवं पारिवारिक मूल्यों से भी जोड़ते हैं।

विद्यालय प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि दादा-दादी एवं नाना-नानी परिवार की अमूल्य धरोहर हैं। उनका स्नेह, अनुभव, संस्कार और जीवन-मूल्य बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान, प्रेम और पारिवारिक मूल्यों को समझने तथा अपनाने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया तथा उनके उज्ज्वल स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना की। पूरे समारोह का वातावरण प्रेम, अपनत्व, उत्साह और भावनात्मक जुड़ाव से सराबोर रहा।

# कांग्रेस के जौहर यूनिवर्सिटी बचाओं कार्यक्रम में पहुंचे बदायूं के कांग्रेसी

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित जौहर यूनिवर्सिटी बचाओ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बदायूं से कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रामपुर पहुंचे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने गौहर यूनिवर्सिटी पहुंचकर वाइस चांसलर, प्राध्यापकों, छात्रों एवं कर्मचारियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।




पुलिस द्वारा लगाए गए अवरोधों के बावजूद राजेंद्र पाल गौतम ने विश्वविद्यालय पहुंचकर सभी पक्षों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गौहर यूनिवर्सिटी की स्वायत्तता, गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती के साथ संघर्ष करेगी।

इससे पूर्व दोपहर में राजेंद्र पाल गौतम, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव तौकीर आलम तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव ओमवीर यादव के साथ पूर्व विधायक संजय कपूर के राहे रजा स्थित आवास पर पहुंचे। वहां आयोजित बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता और प्रत्याशी जनता के बीच जाकर उनका विश्वास और सहयोग प्राप्त करेगा, तभी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने का लक्ष्य पूरा होगा। कार्यक्रम में बदायूं से जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश महासचिव ओमकार सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य रजनी सिंह बागी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीरेश तोमर, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोर पाल प्रजापति तथा जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव इगलास हुसैन सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मानवाधिकार आयोग ने एसएसपी को नोटिस भेजकर मांगा जवाब

**बदायूं।** बिनावर थाना क्षेत्र के सेमरमई गाँव में गोकशों के सत्यापन के नाम पर की गई पुलिस दबिश के दौरान साकिर की मौत के मामले का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान ले लिया है । आयोग ने एसएसपी बदायूँ को नोटिस भेज कर जवाब मांगा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने पिछले वर्ष 18 सितंबर को साकिर की मौत के मामले पर मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेजी थी। विगत 21 जुलाई 2026 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में प्रियांक कानूनगो की बैंच ने मामले की सुनवाई की और प्रथम दृष्टया पीड़ित के मानवाधिकार का उल्लंघन मानते हुए कार्यवाही की। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने ईमेल के जरिए शिकायतकर्ता कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव को मामले में दिए गए आदेश की प्रति भेजी है। मानवाधिकार आयोग द्वारा दिए गए आदेश में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ को मामले की जांच कर चार हफ्ते में कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने आज यहां जारी बयान में कहा कि पुलिस उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा आरएसएस की योगी सरकार गोकशी रोकने के नाम पर बेगुनाहों का उत्पीड़न कर रही है। गोकशों के सत्यापन के बहाने जनपद बदायूँ और प्रदेश में मुसलमानों समेत पिछड़ों दलितों वंचितों पर सूबे में फर्जी मुकदमें लगाए जा रहे हैं। कहा कि प्रदेश में पुलिस राज किसी भी कीमत पर मंजूर नहीं किया जा सकता। हर पीड़ित को देश के कानून और संविधान के दायरे में न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि मानवाधिकार आयोग को भेजी शिकायत में कहा गया था कि 15 ध16 सितंबर की रात 12 बजे के लगभग बिनावर थाना पुलिस गोकश के सत्यापन के लिए सेमरमई गाँव गई थी। पुलिस बल ने गाँव में घर के बाहर सो रहे साकिर को दौड़ाया जिससे धान के खेत में गिरकर उसकी मौत हो गई। साकिर पर किसी थाने में कोई मुकदमा दर्ज नहीं था। उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। उसके तीन बच्चे हैं। पत्नी पहले से नहीं है।साकिर दो तीन बीघा जमीन का मालिक था और मेहनत मजदूरी कर अपने तीन बच्चों का पेट पाल रहा था। अब उसके तीनों बच्चे अनाथ हो गए हैं।

## संपादकीय

### स्तूप ने साबित कर दिया-असली शक्ति शस्त्रों में नहीं, संस्कृति में है

इतिहास की सबसे बड़ी शक्ति यह नहीं कि वह अतीत में दर्ज है, बल्कि यह कि वह हर युग में वर्तमान को दिशा देता है। 25 जुलाई 2026 को यूनेस्को द्वारा सारनाथ को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया जाना केवल एक पुरातात्विक स्थल का सम्मान नहीं, बल्कि उस भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा का विस्तार है जिसने कभी अपने विचारों से दुनिया को मार्ग दिखाया था। युद्ध, क्षेत्रीय संघर्ष, जलवायु संकट और बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच सारनाथ का यह सम्मान एक वैकल्पिक संदेश है। यह सिद्ध करता है कि किसी सभ्यता की वास्तविक शक्ति उसके शस्त्रों में नहीं, बल्कि उन मूल्यों में होती है जो पीढ़ियों तक मानवता का पथ प्रकाशित करते हैं। भारत ने इस उपलब्धि के साथ अपने अतीत को इतिहास की धरोहर भर नहीं रहने दिया, बल्कि उसे आधुनिक विश्व-राजनीति की प्रभावशाली भाषा बना दिया। इसके साथ भारत के विश्व धरोहर स्थलों की संख्या 45 हो गई है, जो उसकी सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक स्वीकृति का सशक्त प्रमाण है।

सारनाथ वह पावन भूमि है जहाँ बुद्ध ने प्रथम उपदेश देकर करुणा, मध्यम मार्ग और अहिंसा का ऐसा संदेश दिया, जिसने पूरे एशिया की सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा दी। आज इसका महत्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की सशक्त सॉफ्ट पावर का प्रतीक बन चुका है। जब अनेक देश सैन्य गठबंधनों, आर्थिक प्रतिबंधों और रणनीतिक दबावों से अपना प्रभाव बढ़ाने में लगे हैं, तब भारत संवाद, सह-अस्तित्व और सांस्कृतिक विरासत को अपनी कूटनीति का आधार बना रहा है। यूनेस्को की यह मान्यता विश्व मंच पर भारत की उस विशिष्ट पहचान को और मजबूत करती है, जो केवल आर्थिक या सामरिक शक्ति से नहीं, बल्कि शांति, ज्ञान और सभ्यताओं को जोड़ने की अपनी ऐतिहासिक क्षमता से नेतृत्व करने का विश्वास रखती है। यही आधुनिक भारतीय कूटनीति की सबसे बड़ी विशेषता है। सारनाथ की असली शक्ति उसके अतीत में नहीं, बल्कि भविष्य को दिशा देने की उसकी क्षमता में है। मानसिक तनाव, अकेलेपन और असंतुलित जीवनशैली से जूझती दुनिया में करोड़ों युवा माइंडफुलनेस और मेडिटेशन के माध्यम से शांति खोज रहे हैं। ऐसे समय में सारनाथ केवल स्मारकों का परिसर नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन का वैश्विक केंद्र बन सकता है। यहाँ विश्वस्तरीय माइंडफुलनेस सेंटर, अंतरराष्ट्रीय शांति एवं बौद्ध अध्ययन संस्थान, वर्चुअल रियलिटी आधारित ध्यान अनुभव और डिजिटल सांस्कृतिक संग्रहालय विकसित किए जा सकते हैं। प्राचीन ज्ञान और आधुनिक तकनीक का यह संगम भारत को केवल पर्यटन का नहीं, बल्कि वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य और मानवीय संतुलन का केंद्र बना सकता है। तब सारनाथ इतिहास की धरोहर भर नहीं रहेगा, बल्कि भविष्य की आवश्यकता बन जाएगा।

इस उपलब्धि का समय भी बेहद अर्थपूर्ण है। जब पश्चिम एशिया में ईरान से जुड़े तनाव युद्ध की आशंकाएँ बढ़ा रहे हैं, मिसाइलें संवाद की जगह ले रही हैं और मानसून की बाढ़ मानव सभ्यता की नाजुकता उजागर कर रही है, तब सारनाथ दुनिया को एक अलग रास्ता दिखाता है। वह याद दिलाता है कि विनाश की दौड़ कभी स्थायी शांति नहीं दे सकती। बुद्ध का मध्यम मार्ग आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना ढाई हजार वर्ष पहले था।

**लेखक : आरके जैन अरिजीत**


**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्म्द राशिद
- उप संपादक : जहाॅगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**

**पिन कोड-243601**

***Email- amarbhashkar21@gmail.com***

***Whatsapp. No. 9411214614***


# जहां कभी गोलियों की गूंज थी वहां अब पर्यटकों की चहल-पहल

जम्मू-कश्मीर की नियंत्रण रेखा (एलओसी) का नाम सुनते ही लंबे समय तक लोगों के मन में गोलाबारी, घुसपैठ, आतंकवाद और तनाव की तस्वीर उभरती थी। यह वह इलाका था जहां रहने वाले लोगों का जीवन हर पल अनिश्चितता से घिरा रहता था। खेतों में काम करने से लेकर बच्चों के स्कूल जाने तक हर गतिविधि पर सुरक्षा परिस्थितियों का असर दिखाई देता था। लेकिन समय के साथ इस क्षेत्र की तस्वीर तेजी से बदली है। आज वही एलओसी पर्यटकों के आकर्षण का नया केंद्र बनती जा रही है। जिन रास्तों पर कभी सैनिकों की आवाजाही और गोलियों की आवाज सुनाई देती थी, वहां आज पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते दिखाई देते हैं। यह बदलाव केवल पर्यटन की बढ़ती संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कश्मीर में लौटते विश्वास, सामान्य होते जनजीवन और स्थानीय लोगों की बदलती जिंदगी की कहानी भी कहता है।

इस वर्ष केवल सात महीनों में ही एलओसी के विभिन्न क्षेत्रों में चार लाख से अधिक पर्यटक पहुंच चुके हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ष समाप्त होने तक यह संख्या सात लाख के पार पहुंच सकती है। यह आंकड़ा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अब तक पूरे वर्ष में भी इतने पर्यटक कभी नहीं पहुंचे थे। वर्ष 2020 में जहां मात्र 7900 पर्यटक इन क्षेत्रों तक पहुंचे थे, वहीं अब यह संख्या कई गुना बढ़ चुकी है। यह परिवर्तन अचानक नहीं आया बल्कि इसके पीछे कई वर्षों के प्रयास, बेहतर सुरक्षा व्यवस्था, आधारभूत ढांचे का विकास और सबसे महत्वपूर्ण भारत-पाकिस्तान के बीच फरवरी 2021 में हुए संघर्षविराम समझौते की बड़ी भूमिका रही है।

एलओसी के केरन, गुरेज, उरी, माछिल, तंगधार और किशनगंगा घाटी जैसे क्षेत्र अब पर्यटन मानचित्र पर तेजी से अपनी पहचान बना रहे हैं। इन इलाकों की प्राकृतिक सुंदरता हमेशा से अद्भुत रही है, लेकिन सुरक्षा कारणों से आम लोगों की पहुंच यहां तक नहीं हो पाती थी। अब पर्यटक यहां की हरी-भरी वादियों, बर्फ से ढके पहाड़ों, बहती नदियों और शांत वातावरण का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। किशनगंगा नदी के किनारे लगाए गए टेंट और स्थानीय होमस्टे पर्यटकों से भरे हुए हैं। लोग यहां केवल प्रकृति देखने नहीं आते, बल्कि सीमावर्ती गांवों के जीवन को करीब से समझने और भारत की सीमा से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के गांवों को देखने का भी अनुभव प्राप्त करते हैं।

पर्यटन के इस विस्तार का सबसे बड़ा लाभ स्थानीय लोगों को मिला है। वर्षों तक सीमित अवसरों और असुरक्षा के कारण रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन करने वाले अनेक परिवार अब वापस अपने गांव लौट रहे हैं। अपने पुश्तैनी मकानों को होमस्टे में बदलकर वे पर्यटकों की मेजबानी कर रहे हैं। युवा गाइड, टैक्सी चालक, टेंट संचालक, स्थानीय हस्तशिल्प विक्रेता और छोटे व्यवसायी बनकर अपनी आजीविका कमा रहे हैं। जिन गांवों में पहले बेरोजगारी और निराशा का माहौल था, वहां अब आर्थिक गतिविधियों की नई ऊर्जा दिखाई दे रही है।

स्थानीय लोगों की मेहमाननवाजी भी पर्यटकों को आकर्षित कर रही है। कश्मीरी खानपान, नून चाय, स्थानीय संस्कृति और पारंपरिक जीवन शैली पर्यटकों के लिए एक नया अनुभव बन रही है। सोशल मीडिया पर इन क्षेत्रों की तस्वीरें और वीडियो तेजी से साझा किए जा रहे हैं। ट्रैवल ब्लॉगर और कंटेंट क्रिएटर इन स्थानों को देशभर में लोकप्रिय बना रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि पहले जहां लोग केवल गुलमर्ग, पहलगाम और सोनमर्ग तक ही अपनी यात्रा सीमित रखते थे, अब वे एलओसी के गांवों तक पहुंचने लगे हैं।

यह बदलाव केवल पर्यटन का विस्तार नहीं है बल्कि सामाजिक विश्वास की पुनर्स्थापना का भी प्रतीक है। लंबे समय तक संघर्ष झेलने वाले सीमावर्ती गांवों में अब सामान्य जीवन लौटता दिखाई दे रहा है।



**लेखक: कांतिलाल मांडोत**

# श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी। दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 15 अगस्त से होगी। टीम की कमान एक बार फिरह्य शुभमन गिल के हाथों में सौंपी गई है, जबकि अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है।



इस टीम में सबसे चौंकाने वाला चयन सारांश जैन का है, जिन्हें पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले इस ऑलराउंडर को पहली बार सीनियर टीम से बुलावा मिला है। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल संभालेंगे। बल्लेबाजी में यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल को भी जगह मिली है। ऑलराउंडर के रूप में रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और मानव सुथार टीम का हिस्सा हैं। बीसीसीआई ने स्पष्ट किया कि वॉशिंगटन सुंदर पहले टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे, इसलिए उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया।

तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई जसप्रीत बुमराह करेंगे। उनके साथ मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बराड़ को भी टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि साई सुदर्शन और जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस मंजूरी मिलने पर निर्भर करेगी।

भारत ने पिछला टेस्ट अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था। उस टीम से तुलना करें तो नीतीश रेड्डी, हर्ष दुबे, वॉशिंगटन सुंदर मौजूदा टीम का हिस्सा नहीं हैं। वहीं, रवींद्र जडेजा और बुमराह की टेस्ट टीम में वापसी हुई है। हालांकि, बुमराह का खेलना अभी तय नहीं है। इसके अलावा सारांश नया चेहरा हैं। जडेजा ने पिछला टेस्ट पिछले साल नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बरसापारा स्टेडियम में खेला था। वह काफी लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं। उनका पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच इस साल जनवरी में आया था।

श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में कप्तान: शुभमन गिल, उपकप्तान: केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन', ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, जसप्रीत बुमराह', मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन। साई सुदर्शन और जसप्रीत बुमराह का चयन सब्जेक्ट टू फिटनेस है, यानी बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस मंजूरी मिलने के बाद ही खेल सकेंगे।

# गाजियाबाद विविध

## कांवड़ मार्ग पर बनेंगे 12 अस्थायी फायर स्टेशन

**साहिबाबाद।** गाजियाबाद से साहिबाबाद तक कांवड़ मार्ग पर 12 जगह अस्थायी फायर स्टेशन बनाए जाएंगे। वहां वाटर बाउजर, वाटर टेंडर, मौजूद रहेंगे। भीड़भाड़ वाले इलाकों में हादसा होने पर पहुंचने के लिए दमकल विभाग सभी फायर स्टेशन पर बाइक पैक सेट भी रखे जाएंगे। कुछ बाइक पैक सेट मांगे गए हैं।



मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि एडीजी के निर्देशानुसार दूधेश्वर नाथ मंदिर परिसर, दूधेश्वर नाथ मंदिर के बाहर, सिहानी चुंगी मेरठ रोड, मेरठ तिराहा, दुहाई, मोहननगर चौराहा, टीलामोड़, डाबर तिराहा, राज चौपला, कस्बा मुरादनगर, पाईप लाईन रोड मुरैना-नवीपुर, थाना लोनी बार्डर आदि 12 फायर स्टेशन बनाए जाएंगे। इन पर पांच-पांच घंटे की शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। किसी भी तरह का हादसा होने पर शुरुआती मदद के लिए जरूरी सभी अग्निशमन उपकरणों को अस्थायी फायर स्टेशन पर रखा जाएगा। स्थान पर एक वाटर टेंडर और बाइक पैक सेट खड़े किए जाएंगे। दमकल विभाग आपातकालीन नंबरों को भी जल्द जारी करेगा। यह कांवड़ मार्ग पर बनाए जाएंगे और इसके लिए अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है।

## कांवड़ लाने वाले भक्त को मिलता है भोले शंकर का आशीर्वाद

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष पवन सक्सेना ने कांवड़ यात्रा के महत्व और नियमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आत्म-शुद्धि और भक्ति का प्रतीक है।



पवन सक्सेना ने कहा कि कांवड़ यात्रा के समय मन, कर्म और वचन शुद्ध होना चाहिए। इस दौरान शराब, पान, गुटखा, तंबाकू और सिगरेट के सेवन से दूर रहना होता है। उन्होंने कांवड़ के नियमों के बारे में बताया कि एक बार कांवड़ उठाने के बाद उसे रास्ते में कहीं भी जमीन पर नहीं रखा जाता है। ऐसा करने पर कांवड़ यात्रा अधूरी मानी जाती है। ऐसे में कांवड़िए को फिर से पवित्र जल भरकर यात्रा शुरू करनी होती है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के समय कांवड़ियों से चमड़ा स्पर्श नहीं होना चाहिए और न ही कांवड़ को किसी के ऊपर से ले जाना चाहिए। कांवड़ यात्रा कर रहे व्यक्ति के परिवार के लोग भी सभी नियमों का पालन करते हैं। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा और नियमों के पालन से ही कांवड़ लाने वाले भक्त को भोले शंकर का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने कहा सुभास पार्टी सभी कांवड़ियों की सुरक्षित यात्रा की कामना है।

## वाल्मीकि समाज को असामाजिक तत्व बताना निंदनीय

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथलेश सिंह द्वारा जारी एक पत्र में ज्ञापन देने आने वाले लोगों के लिए कथित रूप से असामाजिक तत्व और अराजक जैसे शब्दों के प्रयोग पर रॉयल वाल्मीकि आर्मी ने कड़ी आपत्ति जताई है। संगठन ने इसे वाल्मीकि समाज और नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का अपमान बताते हुए स्वास्थ्य अधिकारी से सार्वजनिक रूप से लिखित माफी की मांग की है।



संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ज्ञापन देने आने वाले अधिकांश लोग नगर निगम के कर्मचारी हैं। ऐसे में उन्हें बिना किसी आधार के असामाजिक तत्व और अराजक कहना पूरी तरह अनुचित और अपमानजनक है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि संबंधित लोगों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है तो उन्हें इस प्रकार संबोधित करने का आधार क्या है।

रॉयल वाल्मीकि आर्मी ने कहा कि यदि स्वास्थ्य अधिकारी के पास इस तरह की टिप्पणी का कोई ठोस आधार है तो उसे सार्वजनिक करें, अन्यथा वाल्मीकि समाज से लिखित रूप से क्षमा मांगें। संगठन का आरोप है कि डा. मिथलेश सिंह पर पूर्व में भी सफाई कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार के आरोप लग चुके हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि कई बार तबादला होने के बावजूद उनका गाजियाबाद में बने रहना भी सवाल खड़े करता है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से माफी नहीं मांगी गई तो रॉयल वाल्मीकि आर्मी उनके खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी। संगठन का कहना है कि अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन देना प्रत्येक कर्मचारी और नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है और इसे किसी भी स्थिति में अराजकता नहीं कहा जा सकता।

## नालों की सिल्ट नही उटने से लोग परेशान

**साहिबाबाद।** जीडीए की तुलसी निकेतन कॉलोनी में नालों से निकली सिल्ट न उठने से लोग परेशान हैं। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कुलदीप कसाना ने बताया कि एक महीने से एलआईजी एक नंबर से एसके तक सड़क पर सिल्ट और कूड़ा होने की वजह से लोग परेशान हैं।

उन्होंने बताया कि जीडीए के अधिशासी अभियंता विनोद कटारिया से शिकायत की गई।

# कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम से मनाया ब्लॉक अध्यक्ष का जन्मदिन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बाड़ी।** प्रमुख ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामेंद्र मीणा का जन्मदिन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने केक काटकर उनका स्वागत किया तथा फूल-मालाएं पहनाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। जन्मदिन समारोह में कांग्रेस जिला महासचिव रोशनी शिवहरे बाड़ी नगर अध्यक्ष सैफसईद बाबुल खान वरिष्ठ कांग्रेसी राजकुमार भारद्वाज अनिल गर्ग पार्षद हरदेव शर्मा जिला महासचिव केशव चंद्र मीणा एल.एस. यादव अनिल अरेला योगेश अग्रवाल सिंगोरई मंडल अध्यक्ष महादेव मीणा बाड़ी मंडल अध्यक्ष नईम खान ध्रुव शुक्ला सोनू दिवाकर सोनू खान समीर पुनीत मंगल रामचरण कुशवाहा योगेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने रामेंद्र मीणा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ सुखद दीघार्यु एवं उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि रामेंद्र मीणा के नेतृत्व में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और कांग्रेस कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# संभल में एक मासूम की तांत्रिक के इलाज के दौरान मौत



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद संभल में झाड़-फूंक और कथित तांत्रिक इलाज के दौरान छह वर्षीय मासूम की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने इलाज के नाम पर लापरवाही और पैसे मांगने का आरोप लगाया है। हालांकि मौके पर एक समय बच्चे में सांस लौटने की बात भी सामने आई, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दो कथित तांत्रिकों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मामला संभल जिले के थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी रतनपुर का है। यहां शुगर सिंह का छह वर्षीय बेटा अर्पित गर्दन में गांठ की समस्या से पीड़ित था। परिजनों के अनुसार बच्चे को इलाज के लिए काशीपुर उत्तराखंड के शिवलालपुर धाम ले जाया गया, जहां कथित तांत्रिकों ने झाड़-फूंक के साथ इलाज का दावा किया। आरोप है कि बच्चे को एक इंजेक्शन लगाया गया, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि बच्चे की मौत के बाद भी तांत्रिक उसे जिंदा करने का दावा करते रहे और इलाज के नाम पर पैसे मांगते रहे। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और तीन लोगों को साथ लेकर चले, लेकिन रास्ते में एक आरोपी फरार हो गया। दो आरोपियों को पकड़कर थाना कुढ़ फतेहगढ़ पुलिस के हवाले कर दिया गया। मौके पर को विवेक जावला तथा तीन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान, जब पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी, तब बच्चे में सांस लौटने की बात सामने आई। उसे तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता की तहरीर पर जांच की जा रही है और हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# छत पर मिट्टी डालते समय गिरी छत बच्ची समेत महिला की मौत



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** सोमवार को बारिश से बचाव के लिए कच्ची छत पर मिट्टी डालते समय वह भरभराकर गिर गई। इस हादसे में चार साल की एक मासूम बच्ची समेत एक महिला की मलबे में दबकर मौत हो गई, जबकि पति-पत्नी समेत छह अन्य लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही 1०8 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। संभल के थाना कैलादेवी क्षेत्र के चंदनकटी मौजा गांव की है। मृतक बच्ची की पहचान रोनू की चार वर्षीय पुत्री दिव्यांशी के रूप में हुई है। घायलों में गांव निवासी 35 वर्षीय रामचंद्र पुत्र नेम सिंह, उनकी पत्नी 32 वर्षीय सूरजमुखी, 11 वर्षीय बेटा अंशुल और घर आई बहन 18 वर्षीय धर्मावती पत्नी सत्यवीर निवासी खानपुरा शामिल हैं। इनके अलावा चार वर्षीय श्याम और पांच वर्षीय अमीषा भी घायल हुए हैं।ग्रामीणों ने तुरंत 1०8 एंबुलेंस को सूचना दी और मलबा हटाकर उसके नीचे दबे सभी लोगों को बाहर निकाला। ग्रामीण मोकम ने बताया कि वे छत पर मिट्टी डालने गए थे, लेकिन मिट्टी डाल पाते उससे पहले ही पैर रखते ही छत नीचे गिर गई। एंबुलेंस सबसे पहले पांच लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई लेकर पहुंची, जिनमें दिव्यांशी मृत पाई गई। इसके बाद श्याम और अमीषा को भी घायल अवस्था में लाया गया। डॉ. सचिन वर्मा ने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि छत पर मिट्टी डालने के दौरान यह घटना हुई। मृत बच्ची की सूचना थाना पुलिस को दे दी गई है।थाना कैलादेवी प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि एक कच्चे मकान की छत गिरी है, जिसमें चार साल की बच्ची की मौत हुई है।

# परिवहन विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** परिवहन विभाग के सहायक संभगीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं यात्री का अधिकारी योगेंद्र के द्वारा चलाए गए दिनभर अभियान में पूरे जनपद में अलग-अलग स्थान में जो कि थाना बनिया ढेर, चौकी नरौली, चौकी मोहम्मदपुर टांडा, परियावली चौकी थाना रायसत्ती, मंडी चौकी थाना संभल में कुल 2० वाहन बंद किए गए और 27 वाहनों के चालान किए गए और इन वाहनों पर ढाई लाख का जुर्माना आरोपित किया गया। इन वाहनों में ओवरलोड ट्रक, ईंट ढोने वाले ट्रैक्टर, सरिया ढोने वाले ट्रैक्टर, ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा, छोटे ट्रक यह सभी शामिल हैं, ऐसे भी वाहन शामिल है जिसमें प्रपत्र पूरे नहीं पाए गए किसी की फिटनेस समाप्त है किसी का परमिट समाप्त है किसी का इंश्योरेंस नहीं है किसी पर लाइसेंस नहीं है इस तरह के वाहनों का विभिन्न स्थानों में अभियान चला कर चालान एवं सीजर की कार्रवाई की गई।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिले में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत भारतीय किसान यूनियन एवं गौ रक्षा दल संगठन के सैकड़ों पदाधिकारी, कार्यकर्ता, गौ रक्षक, संत समाज ने जिलाधिकारी कार्यालय अलीगढ़ पहुंच एसीएम को ज्ञापन सौंपा भारतीय किसान यूनियन के युवा जिलाध्यक्ष अलीगढ़ कृष्णा ठाकुर ने बताया के गौ सम्मान आह्वान के तहत समस्त देश के जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन सौंपा गया है संस्थापक गौ रक्षक दल हरिगढ़ सचिन राघव बताया कि गौवश की सुरक्षा, कानून, सेवा संकल्प के लिए हरिगढ़ में 15 हजार लोगों से हस्ताक्षर कराये , गौ रक्षक दल के संरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि समस्त सनातन समाज सरकार को चुनाव में, गौ माता को राष्ट्र माता एवं आराध्य माता का दर्जा देने, गौ वंश की हत्या पर कठोर कानून बनाने, गौशालाओं में गाय की सेवा एवं संकल्प के भरोसा करके वोट देता है लेकिन सरकार सब वादे भूल जाती है। भारतीय किसान यूनियन सनातन समाज, गौ भक्त, संत समाज, विनम्र निवेदन एवं आशा करता है कि इस समय गौवंश की स्थिति अत्यंत पीड़ादायक है गौवंश की तस्करी, हत्या , एवं सड़को पर गौवंश दुर्दशा देखकर प्रत्येक भारतीय सनातनी का हृदय द्रवित है। इसलिए सम्पूर्ण राष्ट्र को आपसे गौवंश के सम्मान, सुरक्षा , एवं सेवा की आशा करता है , महोदय गौवंश केवल आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धूरी है, आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा, जब किसान रसायनिक खाद के बिषैले चक्र से मुक्त हो कर गौ आधारित प्राकृतिक कृषि को अपनायेगा हर भारतीय सात्विक आहार अपना कर निरोग रह सकेगा। भाकियू भानु युवा जिलाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, गौ रक्षा दल के संस्थापक सचिन राघव, गौ रक्षा दल के संरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति महोदया , प्रधानमंत्री , मुख्यमंत्री , राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने , सम्पूर्ण भारत में गौवंश की विधिवत सेवा , पूर्ण सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करने हेतु केन्द्रीय कानून बनाने, गौ पालन मंत्रालय की स्थापना करने, गौवाहिनी एम्बूलैंस, चारा सुरक्षा कानून, केन्द्रीय गौ सेवा संरक्षण अधिनियम, आदि लागू करने की मांग की इस दौरान राष्ट्रीय सचिव नेम सिंह सोलंकी, लता अग्रवाल , राजकुमारी, ओमपाल सिंह, राजू ठाकुर कानऊ, प्रमोद गौड़, नखलेशवर शर्मा, विजय चंदेल, इरफान ठाकुर, अनस अली शम्सी, संदीप चौधरी, भुवनेश्वर सिंह, सुधीर ठाकुर, विजय भदौरिया, कौशल किशोर, छोटेलाल, राजेश कुमार, गोपाल बघेल, धर्मवीर सिंह राघव, जितेन्द्र, अवनीश शर्मा, राजीव कुमार , सतपाल सुमन , सतेन्द्र प्रताप सिंह, विजय सिंह, शिवम यादव , टी पी सिंह , शैलेश गौतम , सोमवीर सिंह ,सचिन राघव, मनु ठाकुर, ठा ज्ञानेन्द्र सिंह, सुधीर ठाकुर, प्रवीण तौमर उपस्थित रहे।

### बारिश से गभाना के कटरा मोड़ मेले में भीड़

**अलीगढ़।** गभाना के कटरा मोड़ मेले पर लगातार बारिश का असर साफ दिखाई दिया। मंगलवार को मेले में सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ दर्ज की गई, जिससे दुकानदारों के चेहरे पर मायूसी छाई रही। बारिश के कारण मेले में कई स्थानों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अतिरिक्त, मेले में लगे झूले भी बारिश की वजह से बंद करने पड़े। मेले में लगे झूले, खान-पान और अन्य दुकानों पर ग्राहकों की संख्या में भारी कमी देखी गई।

# अल्ट्रासाउण्ड सेंटरों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए:डीएम



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट, 1994 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई ने पीसीपीएनडीटी एक्ट, 1994 के प्रावधानों, जिला स्तरीय सलाहकार समिति के गठन, सदस्यों के कार्यकाल एवं समिति की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय सलाहकार समिति में तीन चिकित्सा विशेषज्ञ, तीन प्रतिष्ठित समाजसेवी, एक विधि विशेषज्ञ तथा जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का एक अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल रहता है। बैठक के दौरान समिति की भूमिका, नियमित बैठकों, अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण, पंजीकरण शुल्क एवं अधिनियम के प्रभावी अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में वर्तमान में 6० पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हैं। अधिनियम के उल्लंघन के मामलों में अब तक 19 कार्रवाई की गई हैं, जिनमें 12 केंद्रों के पंजीकरण निरस्त किए जा चुके हैं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की तीनों तहसीलों में संचालित सभी पंजीकृत एवं अपंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटरों का सघन निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जांच की विस्तृत आख्या तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाए, ताकि पीसीपीएनडीटी एक्ट का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके तथा लिंग चयन जैसी अवैध गतिविधियों पर पूर्णत: अंकुश लगाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई, समाजसेवी ममता राजपूत, संगीता भार्गव तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जरूरतमंद बच्चों के साथ भोजन कर मनाया पोती का जन्मदिन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अक्सर लोग अपने बच्चों और नाती-पोतों का जन्मदिन बड़े होटलों और भव्य पार्टियों में धूमधाम से मनाते हैं। लेकिन पूर्व भाजपा महानगर उपाध्यक्ष एवं लॉक्स एंड हार्डवेयर निर्माता एसोसिएशन के संस्थापक पवन खंडेलवाल ने अपनी पोती नायशा का जन्मदिन एक अनूठे और प्रेरणादायक तरीके से मनाकर समाज के सामने एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपनी पोती नायशा का जन्मदिन एक विद्यालय में रह रहे अनाथ एवं जरूरतमंद बच्चों के बीच पहुँचकर उनके साथ भोजन कर, केक काटकर और खुशियाँ बाँटकर मनाया। इस अवसर पर पूरा परिवार बच्चों के साथ समय बिताकर भावुक और आनंदित दिखाई दिया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा का भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हारमोनियम की मधुर धुन पर हैप्पी बर्थडे गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की मासूम मुस्कान और आत्मीय स्नेह ने इस जन्मदिन को अविस्मरणीय बना दिया। इसके पश्चात पवन खंडेलवाल ने अपनी फैक्ट्री के सभी कर्मचारियों के बीच भी जन्मदिन की खुशियाँ साझा कीं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को उपहार भेंट किए तथा उनके साथ भोजन कर उनका सम्मान किया।

# नोएडा ने अलीगढ़ में कार्डियोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरु



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने अलीगढ़ के विभिन्न स्थानों पर अपनी विशेष कार्डियोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. आशीष कुमार गोविल की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर हार्ट एंड चेस्ट हॉस्पिटल, अलीगढ़ के ओनर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. हर्ष दीप सिंघल तथा मां माया हॉस्पिटल, अलीगढ़ के ओनर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. विपिन गुप्ता भी उपस्थित रहे। डॉ. आशीष कुमार गोविल हर महीने के दूसरे बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक हार्ट एंड चेस्ट हॉस्पिटल तथा दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक मां माया हॉस्पिटल, अलीगढ़ में मरीजों के प्राथमिक परामर्श एवं फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे।

इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. आशीष कुमार गोविल ने कहा कि हार्ट डिजीज अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे विकसित होते हैं और कई बार इनके संकेत तब सामने आते हैं, जब हृदय को काफी नुकसान पहुंच चुका होता है। लोग कोरोनरी आर्टरी डिजीज के शुरुआती लक्षणों को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं।

# धौलपुर में सीएम शर्मा ने 17 योजनाओं की दी सौगात




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को धौलपुर जिले के राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र स्थित फूलपुर स्टेडियम में 176.95 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 17 योजनाओं की सौगात दी और फूलपुर स्टेडियम के विकास के लिए बजट की घोषणा भी की। इन परियोजनाओं में 155.33 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण हुई 14 विकास योजनाएं शामिल हैं, जिनका लोकार्पण किया गया। वहीं, 21.62 करोड़ रुपए की लागत वाली 3 नई योजनाओं का शिलान्यास किया गया। ये परियोजनाएं स्वास्थ्य, ऊर्जा, जल संसाधन, पुलिस, स्वायत्त शासन और उद्यानिकी विभाग से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि सरकार प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन विकास कार्यों से धौलपुर जिले में स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली, पुलिस व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में जिला प्रभारी एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा, रानी कोली, सुखराम कोली, राजाखेड़ा विधानसभा प्रत्याशी नीरजा शर्मा, धौलपुर विधानसभा प्रत्याशी डॉ. शिवचरण कुशवाहा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत और भाजपा नेता जगमोहन बघेला सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने फूलपुर स्टेडियम के विकास के लिए 2.5० करोड़ रुपए, राजाखेड़ा क्षेत्र की मिसिंग लिंक सड़कों के लिए 15 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। साथ ही रांडोली रपट पर पुल निर्माण, राजाखेड़ा कृषि उपज मंडी के लिए 37 बीघा भूमि आवंटन, रहेना वाली एवं लाठ वाली मंदिर के जीर्णोद्धार, बसेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेड क्षमता बढ़ाने और सलेमपुर में नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से धौलपुर के विकास को नई गति मिलेगी। लोकार्पित की गई प्रमुख योजनाओं में सरमथुरा, बसईनवाब और कंचनपुर के स्वास्थ्य संस्थानों का विकास, नागर मिठावली एनीकट निर्माण, रामसागर सिंचाई परियोजना का पुनर्वास, 22० केवी जीएसएस मनिया का अपग्रेडेशन, जारगा 33/11 केवी सब स्टेशन, राजाखेड़ा एवं सरमथुरा के एफएसटीपी प्लांट तथा पुलिस थाना एवं चौकियों के नवीन भवन शामिल हैं। शिलान्यास की गई नईं।

# प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत यादव कॉलोनी में हुए 1.5 वर्षीय मासूम आरव की नृशंस हत्या की घटना में थाना शिकोहाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। विवेचक प्र०नि० अनुज कुमार राणा के द्वारा शीघ्र साक्ष्य संकलन कर अभियुक्त के विरूद्ध मात्र ०6 दिवस के अन्दर दिनांक ०4.०6.2०26 को आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया। दिनांक ०6.०6.2०26 को आरोप पत्र मा० न्यायालय दाखिल कराया गया व दिनांक ०9.०6.2०26 को माननीय न्यायालय के द्वारा संज्ञान लिया गया मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए मात्र ०7 दिवस के अन्दर 13 गवाहो की गवाही पूर्ण करायी गयी व दिनांक ०9.०7.2०26 मात्र 39 दिवस के अन्दर माननीय न्यायालय के द्वारा अभियुक्त विराज उर्फ जितेन्द्र को दोष सिद्ध कराया गया। दिनांक 1०.०7.2०26 को अभियुक्त को मृत्युदण्ड की सजा व 5०,०००- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया था। मामले की त्वरित जांच और प्रभावी पैरवी के लिए दिनांक 28-०7-2०26 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे द्वारा प्रभारी निरीक्षक अनुज राणा थाना शिकोहाबाद, उ०नि० राजीव गौतम, है०का० दिलिप कुमार एवं कोर्ट पैरोकार का० संदीप कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

# आटा मिलों पर सघन निरीक्षण और छापेमारी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों जिसमें आट मिलों द्वारा आटे में पत्थर का चूरा सेल खडी की सूचना प्राप्त हुयी थी, जिस पर जिलाधिकारी फिरोजाबाद के जॉच आदेशों पर सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय द्वारा गठित टीमों द्वारा जनपद की समस्त आटा मिलों के सघन निरीक्षण हेतु विशेष टीमों का गठन किया गया, जिसके क्रम में आज दिनांक को कृत कार्यवाही निम्नवत है। टीम द्वारा सर्वप्रथम टूण्डला में राजुल फलोर मिल पर औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण में साफ सफाई के साथ साथ कच्चे एवं तैयार माल के रख रखाव में कमी पायी गयी, इसके अतिरिक्त कार्यरत कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र नहीं होना, स्टॉक रजिस्टर का व्यवस्थित नहीं होना आदि कमियां पायी गयी, टीम द्वारा मौके से आटे का नमूना लिया गया है। कारोबार कता को सुधार नोटिस निर्गत कर सुधार करने हेतु कडे निर्देश निर्गत किये गये हैं साथ ही सुधार कर लेने तक उनके आटा उत्पादन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

इसी प्रकार टूण्डला में अग्रवाल आटा चक्की पर निरीक्षण कर आटे का एक नमूना लिया तथा निरीक्षण में पायी गयी कमियों के सापेक्ष सुधार नोटिस एवं सुधार करने तक उत्पादन पर प्रतिबंध लगाया गया। गढी असरा, टूण्डला में देवेन्द्र आटा मिल से निरीक्षण कर आटे का एक नमूना लिया गया तथा सुधार नोटिस निर्गत किया गया। सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय ने बताया कि वायरल वीडियो के बाद जनपद में स्थापित कुल 18 आटा मिलों का सघन निरीक्षण किया जायेगा तथा सुधार नहीं करने की दशा में लाइसेंस निलम्बन एवं उत्पादन पर प्रतिबंध लगाये जाने की कार्यवाही की जायेगी। अधिकांशतः चलते रहने, थके होने पर गरिष्ठ भोजन ग्रहण करने से उल्टियां होने कपच होने की संभावनाएँ बनी रहती है, ऐसे में श्रद्धालुओं से अपील है कि वह थक जाने पर थोडी देर विश्राम करने के बाद भोजन प्रसाद आदि ग्रहण करें।

# पीएनटी कर्मचारियों का बीएसएनएल कार्यालय पर प्रदर्शन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलवार को पीएनटी कर्मियों ने नकवी पार्क स्थित बीएसएनएल कार्यालय पर बकाया वेतन भुगतान की मांगको लेकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की

और मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। यूनियन का आरोप है कि भारतनेट परियोजना में लंबे समय से काम कर रह पीएनटी कर्मियों का भुगतान अब तक नहीं किया गया है साथ ही अनुभवी कर्मचारियों से फइबर रखरखाव का काम लेकर दूसरे माध्यमों से कराया जा रहा है। इससे बड़ी संख्या में कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों ने मांग की कि सभी लंबित भुगतान जल्द जारी किए जाएं। इसके अलावा भारतनेट परियोजना में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कराई जाने की मांग की। यूनियन ने यह भी मांग की कि वर्षों से काम कर रह पीएनटी कर्मियों का रोजगार सुरक्षित रखा जाए और फइबर रखरखाव का काम प्राथमिकता के आधार पर उन्हें ही दिया जाए। यूनियन नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों की मेहनत से भारतनेट परियोजना को मजबूती मिली है, लेकिन अब वही कर्मचारी रोजगार संकट झेल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा।

प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश शर्मा, अध्यक्ष अतुल कुमार शर्मा, सलाहकार राकेश शर्मा, अतुल तिवारी, गजेंद्र पोरुष, विष्णु कांत, अमित चौधरी, अभिप्रताप सिंह, नीरज सिंह, अजय परमार सहित बड़ी संख्या में कर्मी मौजूद रहे।

# बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना लाखों के जेवर चुराये



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** गोधा कोतवाली क्षेत्र स्थित अहरौली गांव में एक सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। पीड़िता महिला अपने बच्चों के साथ दिल्ली में मजदूरी करती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहरौली निवासी गीता देवी, जो स्वर्गीय धीरज सिंह की पत्नी हैं, काफी समय से अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करती हैं। उन्होंने बताया कि वह 21 जुलाई, मंगलवार को गांव आई थीं और दो दिन रुकने के बाद दिल्ली लौट गईं। 27 जुलाई, सोमवार को जब वह दोबारा अपने घर लौटीं, तो मुख्य गेट का ताला खोलकर अंदर जाते ही उन्हें चोरी का पता चला।

घर के अंदर कमरों के ताले और गेट टूटे हुए थे। कमरों में रखी अलमारियों और बक्सों के लॉकर भी टूटे पाए गए, और सारा सामान जमीन पर बिखरा हुआ था। चोर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना फरिहा पुलिस टीम द्वारा चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान एक अभियुक्त पप्पू उर्फमुज्जड पुत्र इरफान अली निवासी ग्राम ईखू थाना फरिहा जनपद फ़िरोजाबाद को थाना क्षेत्र फरिहा से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया।

### एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी गर्वनिंग बोर्ड की महत्वपूर्ण



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आत्मा जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आत्मा गर्वनिंग बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, इस बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और बिना किसी संकोच के पूर्ण आत्मीयता के साथ अपनी बात व उन्नत खेती की सफलता के बारे में जिलाधिकारी के समक्ष अपने अनुभव साझा किये। कृषक मीरा देवी ने जैविक विधि से गेहूं की खेती करने का अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि रासायनिक खाद्यों को छोड़कर जैविक खेती अपनाने से उनकी उपज की गुणवत्ता बेहतर हुई है और उन्हें अत्यधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। उपनिदेशक कृषि ने आत्मा के बारे में विस्तार से जिलाधिकारी को बताते हुए कहा कि यह जिला स्तर पर कृषि प्रसार को मजबूत करने वाली प्रमुख संस्था है, इसका मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों तक कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसी विभिन्न गतिविधियों की नवीनतम तकनीकी प्रशिक्षण और सरकारी योजनाओं को सीधे पहुंचना है। आत्मा गर्वनिंग बोर्ड के माध्यम से किसानों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जाता है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि और टिकाऊ खेती को प्रोत्साहन मिलता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जैविक खेती को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान जैविक खेती की तरफअग्रसर हो सकें, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि आज आवश्यकता है कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक एवं नए अनुसंधानों से निरंतर जोड़ा जाए, साथ ही साथ प्रगतिशील किसानों द्वारा की जा रही उन्नत खेती वह प्रचार-प्रसार भी कराया जाए, जिसमें अन्य किसान भी प्रोत्साहित हो सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि० रा० कल्पना जायसवाल, उपनिदेशक कृषि सत्येंद्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी सुमित चौहान सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आसमान से टपके दो घंटे के पानी ने अपना रंग दिखाया





**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में मंगलवार को आसमान से टपके दो घंटे के पानी ने अपना रंग दिखा दिया। हाल यह था कि सावन से दो दिन पहले ही झमाझम बरसी बरसात ने अपना रंग दिखा दिया औंर समूचे अलीगढ़ शहर की गलियां और गालियां पानी से लबालब हो गई। दो घंटे की बारिस से कहीं छत टपकी तो कहीं कहीं आंगन में पानी भर गया। लेकिन लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत कर सांस ली।

पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान थे और सभी को तेज बारिश का इंतजार था। मंगलवार को सावन शुरू होने से दो दिन पहले ही मौसम ने करवट ले ली। झमाझम बारिश ने पूरे अलीगढ़ शहर को भिगो दिया। कुछ ही देर की तेज वर्षा से प्रमुख मार्ग रामघाट रोड़ क्वार्सी चौराहे से लेकर टीकाराम स्कूल से मीनाक्षी ऑवर ब्रिज के नीचे और बैकुठ नगर गुरूद्वारा रोड से रेलवे स्टेशन मधुपुरा चौराहे से श्यामनगर से सेंटर प्वाइंट चौराहा, मैरिस रोड से केला नगर चौराहा, गूलर रोड़, शिवपुरी, रघुवीरपुरी, सराय हकीम, रसलगंज और भाजपा विधायक अनिल पाराशर और एमएलसी मानवेन्द्रप्रताप सिंह के सुरेन्द्र नगर इलाके भी जलभराव से सड़के पानी से लबालब हो गयीं और निचले इलाके जलमग्न हो गए। जगह-जगह जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, इस बारिश ने खेतों में नई उम्मीद जगा दी। अलीगढ़ रामघाट रोड पर बारिश का नजारा बारिश में दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हुई, जबकि कई स्थानों पर यातायात भी प्रभावित रहा। मौसम सुहावना होने से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, लेकिन जलभराव ने नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खोल दी। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने बारिश का स्वागत किया।किसानों का कहना है कि समय पर हुई वर्षा से फसलों को पर्याप्त नमी मिलेगी, सिंचाई का खर्च घटेगा और उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद बढ़ी है। सावन की दस्तक से पहले हुई इस बारिश ने शहर में जहां परेशानी बढ़ाई, वहीं गांवों में खुशहाली की उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

# हॉस्पिटल में ओआरएस दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** भारतीय शिशु अकादमी (आईएपी), अलीगढ़ शाखा द्वारा शेखर सर्राफमेमोरियल हॉस्पिटल में ओआरएस दिवस के अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अस्पताल की संस्थापिका लाजेश कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में लाजेश कुमारी ने कहा कि बच्चों में होने वाले दस्त से बचाव एवं मृत्यु दर को कम करने में ओआरएस की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय शिशु अकादमी, अलीगढ़ शाखा के अध्यक्ष 'डॉ. प्रदीप बंसल' ने ओआरएस के सही एवं समय पर उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार को ओआरएस के प्रयोग की सही जानकारी होना आवश्यक है। शाखा के सचिव 'डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ संजीव कुमार' ने अपने वक्तव्य में कहा कि जागरूकता ही बच्चों को दस्त से होने वाली गंभीर जटिलताओं से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि दस्त होने पर बिना देरी किए ओआरएस देना शुरू करें तथा आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय सलाह अवश्य लें।

# राजा महेंद्र सिंह विश्वविद्यालय में छात्रों का धरना



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में एलएलबी और बीए एलएलबी के छात्रों का विरोध प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। छात्र बैक परीक्षा में फेल छात्रों को अगले सेमेस्टर में सशर्त प्रवेश देने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं।

छात्रों का कहना है कि बैक पेपर की वजह से कई विद्यार्थी अगले सेमेस्टर में दाखिला नहीं ले पा रहे हैं। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और पूरा शैक्षणिक सत्र खराब होने का खतरा है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी मांगों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है। उनका कहना है कि यह केवल कुछ छात्रों का नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। धरना स्थल पर छात्रों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक फैसला नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की। छात्रों की मुख्य मांग है कि बैक परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को अगले सेमेस्टर में सशर्त प्रवेश दिया जाए, ताकि उनकी पढ़ाई बीच में न रुके। फिलहाल विश्वविद्यालय परिसर में स्थिति शांतिपूर्ण है, लेकिन छात्रों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अब सभी की नजर विश्वविद्यालय प्रशासन के अगले निर्णय पर टिकी है।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आश्रम का किया निरीक्षण




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साक्षी गर्ग के नेतृत्व में आश्रय गृह निरीक्षण समिति ने वृद्धाश्रम, छर्रा का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों पर समिति ने कड़ा रुख अपनाते हुए उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका गिरजेश यादव ने बताया कि वृद्धाश्रम में कुल 82 वृद्धजन पंजीकृत हैं, जिनमें से वर्तमान में 71 वृद्धजन आवासित हैं। इनमें 27 महिलाएं एवं 44 पुरुष शामिल हैं। शेष 11 वृद्धजन अपने परिजनों के साथ अस्थायी रूप से घर गए हुए हैं। समिति ने वृद्धजनों के स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं देखभाल की व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधीक्षिका ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, छर्रा द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार उपलब्ध कराया जाता है। इस पर सचिव साक्षी गर्ग ने निर्देश दिए कि वृद्धजनों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रत्येक सप्ताह एक फिजिशियन की सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए और इसके लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को तत्काल पत्र प्रेषित किया जाए। समिति ने वृद्धाश्रम के आवासीय कक्षों एवं हॉल में सीलन व दुर्गंध पाए जाने पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही बाथरूम एवं शौचालयों की सफाई भी संतोषजनक नहीं मिली। इस पर अधीक्षिका को निर्देशित किया गया कि कमरों एवं हॉल की खिड़कियां नियमित रूप से खुलवाकर पर्याप्त वेंटिलेशन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सीलन एवं दुर्गंध समाप्त हो सके। साथ ही बाथरूम एवं शौचालयों की प्रतिदिन नियमित एवं प्रभावी सफाई कराकर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साक्षी गर्ग ने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे प्रत्येक वृद्धजन को सम्मानजनक, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। आश्रय गृहों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

# डिस्ट्रिक्ट ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट 2026 का समापन





**मुख्य विकास अधिकारी रण विजय सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। स्थानीय खेल स्टेडियम में बिजनौर डिस्ट्रिक्ट ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट 2026 का सफल एवं भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले भर के नन्हें व युवा शतरंज खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने बौद्धिक कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि शतरंज मानसिक विकास और एकाग्रता बढ़ाने का बेहतरीन खेल है। बिजनौर में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार , क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आकाश मलिक तथा कनिष्ठ सहायक हिमांशु विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल व मंच संचालन अरविंद अहलावत द्वारा किया गया। प्रतियोगिता बेहद रोमांचक रही, जिसमे प्रथम स्थान प्रतीक (राम बजरंग), द्वितीय स्थान जयंत (राम बजरंग), तृतीय स्थान लावण्या अग्रवाल, चतुर्थ स्थान सुंदरम गजराज, पंचम स्थान जयंत भारती रहे। बेस्ट फीमेल विजेता श्रेणी प्रथम स्थान प्रज्ञा त्यागी,द्वितीय स्थान गौरी त्यागी, तृतीय स्थान इशिका अग्रवाल रही। विशेष पुरस्कार बेस्ट वेटरन ऑफ द टूर्नामेंट सुरेंद्र अरोड़ा,बेस्ट यंगेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट आर्यव पंवार को दिया गया। कोचेस की गरिमामयी उपस्थिति में टूर्नामेंट को सफल बनाने में स्टेडियम के सभी प्रशिक्षकों (कोचेस) का विशेष योगदान रहा। इस दौरान शतरंज कोच नूतन, हॉकी कोच चित्र चौहान, कबड्डी कोच अंशु चौधरी, एथलेटिक कोच पूजा, स्केटिंग कोच शुभम तोमर, भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) कोच विशाल चौधरी तथा खो-खो कोच जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। अंत में जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार जी ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों और खिलाड़ियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लेखपाल संघ, जिला बिजनौर की प्रथम महिला जिला अध्यक्ष बनने पर अंजलि देवी (लेखपाल) ने विधायक अशोक राणा से की शिष्टाचार भेंट



अमर भास्कर ब्यूरो

धामपुर। लेखपाल संघ जनपद बिजनौर की प्रथम महिला जिला अध्यक्ष बनने पर पटवारी अंजली देवी ने धामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अशोक राणा से उनके आवास ठाट जट पर एक शिष्टाचार भेंट की। धामपुर विधानसभा क्षेत्र से जनप्रिय विधायक अशोक राणा ने लेखपाल संघ का महिला जिला अध्यक्ष बनने पर अंजली देवी को अपनी ओर से शुभकामनाएं भेंट की। इस अवसर पर उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं सफल, यशस्वी तथा उज्वल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएँ दीं। विधायक अशोक राणा ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि आपके कुशल नेतृत्व में लेखपाल संघ, जिला बिजनौर नई ऊँचाइयों को प्राप्त करे तथा संगठन निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।

# नहटौर को मिली एचएम बेक्स एंड कैफे की सौगात

**दादा मौहम्मद हारून व चेयरमैन राजा अंसारी ने किया फीता काटकर शानदार उदघाटन**





**कैफे डायरेक्टर मौहम्मद फैजान व मौहम्मद शेजान ने किया मेहमानों का इस्तकबाल**

अमर भास्कर ब्यूरो

नहटौर। दानिश वरों की नगरी नहटौर में एजेंसी चौराहा पंजाब नेशनल बैंक के बाहर एचएम बेक्स एंड कैफे की शुरुआत की गई। जिसका फीता काट कर शानदार शुभारंभ किया गया। धामपुर रोड एजेंसी चौराहा पंजाब नेशनल बैंक के बाहर डायरेक्टर मौहम्मद फैजान व मौहम्मद शेजान के कैफे का फीता काटकर उनके दादा जनाब मौहम्मद हारून व चेयरमैन राजा अंसारी में फीता काटकर संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के बाद राजा अंसारी ने कैफे के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहम्मद फैजान व मोहम्मद शेजान को मुबारकबाद दी। इससे पूर्व कैफे डायरेक्टर मौहम्मद फैजान व मौहम्मद शेजान ने मेहमानों का शानदार इस्तकबाल किया। कैफे डायरेक्टर मौहम्मद फैजान व मौहम्मद शेजान ने बताया कि आज के मॉडर्न युग को देखते हुए इस कैफे सौगात नगर वासियों को दी गई है ताकि नगर के लोग अपने नगर में खुद अपनी फैमिली व मेहमानों का सही ढंग से इस्तकबाल कर सकें। कैफे डायरेक्टर मौहम्मद फैजान व मौहम्मद शेजान ने बताया कि उनके यहां ठंडी चिल्ड कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, चॉकलेट्स, केक आदि के मिलने की विशेष सुविधा उपलब्ध है। कैफे डायरेक्टर मौहम्मद फैजान व मौहम्मद शेजान ने सभी नगर वासियों व क्षेत्रवासियों से एक बार खिदमत का मौका देने की गुजारिश की।

# प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल व जनपद बिजनौर जिला अध्यक्ष हनी फैसल के नेतृत्व में पार्टी से जुड़ रहा है सर्व समाज का मतदाताः मौहम्मद रिजवान

**वर्तमान जिला पंचायत सदस्य मौहम्मद रिजवान हैं धामपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी**







**मोहम्मद रिजवान ने माना विधानसभा चुनाव 2027 में यूपी के सीएम बनने जा रहे हैं अखिलेश यादव**

अमर भास्कर ब्यूरो

धामपुर/नहटौर। धामपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के मजबूत व संभावित प्रत्याशी व वर्तमान लोकप्रिय जिला पंचायत सदस्य मौहम्मद रिजवान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल जी व जनपद बिजनौर जिला अध्यक्ष हनी फैसल साहब की मेहनत वह दिशा निर्देशन में सर्व समाज का मतदाता समाजवादी पार्टी से जुड़ रहा है। मोहम्मद रिजवान ने कहा कि सर्व समाज का मतदाता भारी तादाद में समाजवादी पार्टी से जुड़ने का मुख्य कारण समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी का सर्व समाज को साथ लेकर वह सर्व समाज के लिए लगातार कड़ी मेहनत करना है। धामपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के मजबूत व संभावित प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान ने कहा कि अखिलेश यादव जी के पड्ढ कार्यक्रम की शानदार कामयाबी के चलते विधानसभा चुनाव 2027 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी बनने जा रहे हैं क्योंकि वर्तमान सरकार से सर्व समाज का मतदाता पूरी तरह से तंग वह परेशान हो चुका है। बताते चली कि जनपद बिजनौर नगर नहटौर के करीबी ग्राम बेगराजपुर निवासी मोहम्मद रिजवान पहली बार में ही अपनी लोकप्रियता व समाज सेवा के चलते जिला पंचायत सदस्य बने है इससे पूर्व उनके वालिद मोहतरम जनाब मरहूम मोहम्मद उमर साहब लंबे समय तक प्रधान रहकर क्षेत्र वासियों की खिदमत कर चुके हैं। और अब वर्तमान में धामपुर विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी के रूप में मोहम्मद रिजवान पूरे क्षेत्र में सर्व समाज के वोटरों में जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों व अखिलेश यादव जी के विचारों को जनता तक बताने समझने का काम कर रहे हैं इसके साथ ही मोहम्मद रिजवान अखिलेश यादव के पीडीए कार्यक्रम के लिए भी कड़ी मेहनत कर रहे है।

## जिला स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता में शौर्य चौधरी ने जिले में तीसरा स्थान पाकर नाम किया रोशन, स्कूल ने किया सम्मानित



अमर भास्कर ब्यूरो

नजीबाबाद/हल्दौर। जिला एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से जिला स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता मे शौर्य चौधरी ने जिले मे तीसरा स्थान पाकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया स्कूल मे पहुचने पर उसका फूल माला ओ से लादकर भव्य स्वागत किया । मिली जानकारी के अनुसार हल्दौर के गांव करनपुर निवासी शौर्य चौधरी नजीबाबाद के सिटी पब्लिक स्कूल मे हाईस्कूल मे अध्यनरत है शौर्य चौधरी ने इम्पीरियल इण्टरनेशनल स्कूल मे हुयी जिला ऐथलिटिक ऐसोसिएशन की ओर से भाला फेंक प्रतियोगिता मे जिले मे तीसरा स्थान पाकर अपना कब्जा किया बताया जाता है कि शौर्य चौधरी एक होनहार छात्र है उसका अपने स्कूल मे पहुचने पर स्कूल प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह उप प्रधानाचार्य प्रतिभा स्कूल स्टाफ और बच्चो ने फूल मालाओ से भव्य स्वागत किया और प्रदेश स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता मे चयन होने पर उनके सफल होने की कामना की पलिजनो ने भी उसका मुहं मीठा कराकर फूल माला डालकर खुशी जतायी।

# बढ़ापुर विस क्षेत्र में तान्या नागपाल की जारी है समाज सेवा











**पूर्व सांसद हरीश नागपाल की सुपुत्री है समाजसेवी तान्या नागपाल -मातृशक्ति शक्तियों को सूट, साड़ियाँ एवं बुर्क़े, बच्चों को चॉकलेट, युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट किट तथा क्षेत्र के भाइयों एवं बच्चों को टी-शर्ट भेंट कर कर रही है सम्मान**

अमर भास्कर ब्यूरो

बढ़ापुर/अफजलगढ़। क्षेत्र के पूर्व सांसद हरीश नागपाल की सुपुत्री, समाजसेवी तान्या नागपाल एवं उनकी टीम द्वारा बढ़ापुर विधानसभा, में मातृशक्ति को सूट, साड़ियाँ एवं बुर्क़े, बच्चों को चॉकलेट, युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट किट तथा क्षेत्र के भाइयों एवं बच्चों को टी-शर्ट भेंट कर सम्मानित किया गया।

सेवा, सम्मान और समाज के प्रति समर्पण का यह अभियान निरंतर जारी है। समाज के हर वर्ग तक सहयोग, सम्मान और आत्मीयता पहुँचाने का यह प्रयास एक सशक्त, संवेदनशील एवं आत्मनिर्भर समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। बताते चलें कि हरीश नागपाल ने भी अपने समय में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप चुनाव लड़कर राजनीतिज्ञयो को पराजित कर लोकसभा सांसद बनकर इतिहास रचा था। उन्हीं के नक्शे कदम पर अब उनकी बिटिया तान्या नागपाल बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में सर्व समाज के लोगों के लिए सम्मान कर उनकी पसंदीदा बन गई है। जिसके चलते बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी तान्या नागपाल अन्य प्रत्याशियों की नींद हराम कर चुकी हैं। बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र वासियों का मानना है कि तान्या नागपाल भी अपने पिता हरीश नागपाल के इतिहास को दोहराते हुए बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक बनेगी।

## धामपुर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करेंगी 12 ई-रिक्शाएंः चेयरमैन रवि चौधरी



**ई-रिक्शाओं को चेयरमैन रवि कुमार सिंह ईओ रवि शंकर शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

अमर भास्कर ब्यूरो

धामपुर। नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 12 नई ई-रिक्शाओं के संचालन का शुभारंभ किया गया।

नगर पालिका परिषद, धामपुर के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह व अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर इन ई-रिक्शाओं को नगर के समस्त वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए रवाना किया। नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य प्रतिदिन घर-घर से कूड़ा उठाकर शहर को साफ-सुथरा और स्वच्छ बनाना है। ई रिक्शाओं के आने से कूड़ा कलेक्शन में तेजी आएगी और नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि पालिका के पास पूर्व में 10 ई-रिक्शा थीं, अब 12 ई-रिक्शा और मिल जाने से नगर में 22 ई-रिक्शाओं के द्वारा कूड़ा कलेक्शन होने से वार्ड वासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वह इन गाड़ियों का उपयोग करते हुए घरों का इकठ्ठा किया हुआ कूड़ा इसी में डालें। इस दौरान नगर पालिका के पदाधिकारी, सभासद एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आज से से बदल गया है ट्रैफिक रूट्स,कांवड़ यात्रा के लिए जिले में रूट डायवर्जन हुआ लागू

**कई मार्गों पर भारी वाहनों की नो-एंट्री, रोडवेज बसें भी वैकल्पिक मार्गों से होगी संचालित**

अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही कांवड़ यात्रा-2026 को लेकर बिजनौर जिले में मंगलवार रात से विशेष यातायात व्यवस्था लागू हो गई है श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन ने चरणबद्ध रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया है।

पहले चरण में 28 जुलाई की रात से 12 अगस्त तक कई प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी, जबकि हल्के वाहनों और रोडवेज बसों का संचालन निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से कराया जाएगा। इसके बाद तीसरे और चौथे सावन सोमवार के दौरान 13 से 17 अगस्त तथा 20 से 24 अगस्त तक फिर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा। हरिद्वार जाने वाले कांवड़ियों के वाहनों को मंडावर चौराहा से नांगल, मंडावली और भागूवाला के रास्ते भेजा जाएगा। हल्के वाहन गंगा बैराज पुल, सेंट मैरी चौराहा, किरतपुर, देव पेट्रोल पंप, जलालाबाद न्यू बाईपास, कोटद्वार बाईपास (एनएच-534) और समीपुर नहर पटरी मार्ग से होकर गुजरेंगे। मेरठ और मुजफ्फरनगर से कोटद्वार व पौड़ी जाने वाले वाहनों के लिए भी यही वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है। काशीपुर, जसपुर और ऊधमसिंह नगर जाने वाले वाहन नजीबाबाद, धामपुर, अफजलगढ़ और रेहड़ होकर संचालित किए जाएंगे। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए खाद्यान्न, दूध, गैस, पेट्रोलियम पदार्थ, दवाइयों समेत जरूरी सामान से लदे वाहनों को रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक निर्धारित मार्गों से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे वाहनों को संबंधित थाना पुलिस एस्कॉर्ट के साथ सुरक्षित निकालेगी। कांवड़ यात्रा के दौरान नजीबाबाद-नगीना-धामपुर-स्योहारा सहसपुर, बिजनौर-चांदपुर-धनौरा, बिजनौर- नगीना, बिजनौर- झालू-नहटौर तथा गोलबाग चौराहा-हल्दौर-नहटौर-धामपुर मार्गों पर विभिन्न श्रेणी के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। मंडावर-बालावाली मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। यूपी रोडवेज की बसों का संचालन भी बदले हुए मार्गों से किया जाएगा। बिजनौर से मुरादाबाद जाने वाली बसें सेंट मैरी चौराहा, न्यू बाईपास, कोतवाली देहात, धामपुर, शेरकोट, अफजलगढ़ और जसपुर होकर चलेंगी, जबकि दिल्ली, मेरठ, गाजियाबाद और हरिद्वार जाने वाली बसों के लिए भी वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान पहचान पत्र साथ रखने, कांवड़ की ऊंचाई 12 फीट से अधिक न रखने तथा डीजे व ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुसार करने की अपील की है। साथ ही आमजन से भी प्रतिबंधित मार्गों से बचने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर यातायात पुलिस के निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया है। प्रशासन का कहना है कि जनता के सहयोग से ही कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुचारु और व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

## चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने मौहल्ले की सड़कों व निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण



अमर भास्कर ब्यूरो

नजीबाबाद। नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम के प्रयास से शहर की लगभग सभी सड़के बनके तैयार हो चुकी है। मौहल्ला जाब्तागंज में अभी तक कई जगह सड़क का निर्माण नहीं हुआ था जो कि अब जाकर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। चेयरमैन ने वहां पहुचकर सडको और कार्यो का निरीक्षण कियासे साथ ही मोहल्लेवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्या सुनी। मोहल्लेवासियों ने चेयरमैन का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए विकास कार्य कराने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राकेश जुनेजा, ताहिर, इरफान, यामीन, नासिर कुरैशी, तस्लीम, आफाक, यामीन, इजहार, शरीफ, जाकिर, हाजी शमीम, यासीन, मौहम्मद इरफान, मोबीन, तोसीफ, इरफान, सरफुद्दीन सहित वार्ड सभासद भी मौजूद रहे।

## मथुरा में 25 लाख रुपये की टप्पेबाजी का खुलासा

अमर भास्कर, ब्यूरो

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सिम्स अस्पताल के निकट हुई 25 लाख रुपये की टप्पेबाजी की सनसनीखेज घटना का थाना हाईवे पुलिस, सर्विलांस, साइबर, स्वाट और एसओजी की संयुक्त टीम ने सफल अनावरण कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दिल्ली के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए चोरी किए गए पूरे 25 लाख रुपये और वारदात में इस्तेमाल की गई सुजुकी बाइक बरामद कर ली है।




पुलिस लाइन सभागार में आज एसपी सिटी राजीव कुमार ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 20 जुलाई की शाम करीब 6 बजे, पीड़ित व्यापारी वरुण अग्रवाल के कर्मचारी (मेघश्याम और सुनील) तथा गाड़ी चालक रमेश कार से 25 लाख रुपये लेकर गोविंद नगर की ओर जा रहे थे। जब इनकी कार गोवर्धन चौराहे के पास पहुँची, तो बाइक सवार बदमाशों ने बड़ी चालाकी से कार के बोनट के नीचे तेल छिड़क दिया। इसके बाद, आगे सिम्स अस्पताल के पास खड़े बदमाशों ने इशारा कर गाड़ी चालकों को बताया कि उनकी गाड़ी खराब हो गई है और उससे तेल की बदबू तथा धुआँ आ रहा है। झांसे में आकर जैसे ही ड्राइवर ने गाड़ी रोककर बोनट खोला और कार में सवार अन्य लोग भी नीचे उतरकर देखने लगे, वैसे ही शातिर बदमाशों ने मौका पाकर कार की सीट पर रखा 25 लाख रुपयों से भरा बैग पार कर दिया और बाइक से फरार हो गए। मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस और सर्विलांस टीमों ने सलेमपुर पाली खेड़ा रोड पर घेराबंदी कर इस वारदात में शामिल मुख्य आरोपी अक्षय पुत्र मारमुत्तु, निवासी मदनगिरी, थाना अंबेडकर नगर, साउथ दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चुराए गए पूरे 25 लाख रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। पूछताछ में आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम देने की बात कबूल की है। पुलिस उनके बाकी साथियों की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी। अभियुक्त को गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रशान्त कपिल थाना हाईवे, प्रभारी साइबर सेल उ०नि० आशीष मलिक, प्रभारी सर्विलांस सेल उ०नि० विकास कुमार,

प्रभारी स्वॉट उ०नि० महावीर सिहं, प्रभारी एस०ओ०जी० उ०नि० संदीप कुमार, उ०नि० नितीन राठी चौकी प्रभारी तारसी थाना हाईवे, उ०नि० केशव वशिष्ठ चौकी प्रभारी राधापुरम स्टेट थाना हाईवे, उ०नि० सौरभ तेवतिया थाना हाईवे सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## जैत के बाटी गांव की घटना, धारदार हथियार से रेता गला

अमर भास्कर, ब्यूरो

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र स्थित बाटी गांव में मंगलवार पूर्वान्ह एक महिला अपने जाटव मोहल्ला निवासी विजया (45) घर के कमरे में मृत मिली, मृतका की गला रेतकर निर्मम हत्या की गयी है, जबकि महिला पति राजपाल फरीदाबाद में नौकरी करते हैं, घटना की सूचना मिलने के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गयी। थाना पुलिस और फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।





बाटी गांव के उनका छोटा बेटा आगरा की एक निजी कंपनी में कार्यरत है। घटना के वक्त महिला घर में अकेली थीं। आज पूर्वान्ह जब काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुला, तो पड़ोसियों को अनहोनी का अंदेशा हुआ। आसपास के लोगों ने देखा कि नीचे के सारे दरवाजे अंदर से कुंडी बंद थे। इसके बाद ग्रामीण पड़ोस की छत के जरिए विजया के मकान की ऊपरी मंजिल पर पहुंचे। वहां एक छोटा दरवाजा खुला मिला, जिसके अंदर का नजारा देखकर लोग सन्न रह गए। कमरे के अंदर बेड पर महिला का शव पड़ा हुआ था और उनके गले पर गहरा घाव था। पूरे कमरे में खून फैला हुआ था। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। घटना की जानकारीर लगने के बाद क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा और जैंत थाना प्रभारी सोनू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मदद से फिंगरप्रिंट्स व अन्य डिजिटल-भौतिक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के सटीक कारणों और समय का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफहो पाएगा। मामला संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या का प्रतीत हो रहा है, इसलिए पुलिस पारिवारिक स्थिति, रंजिश और आसपास के सीसीटीवी फुटेज समेत सभी संभावित बिंदुओं पर बारीकी से तफ्तीश कर रही है।

## भारत-चीन का रिश्ता? बीजिंग वार्ता से मिले संकेत

**बीजिंग।** बीजिंग में सोमवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और चीन की विदेश मामलों की उप-मंत्री हुआ चुनयिंग के बीच बैठक हुई। इस उच्चस्तरीय बैठक में दोनों देशों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमति जताई। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और चीन की उप-विदेश मंत्री हुआ चुनयिंग के बीच द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, सांस्कृतिक सहयोग और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में दोनों देशों के नेताओं की सहमति को आगे बढ़ाने और आपसी हितों वाले मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने के उपायों पर भी विचार किया गया। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, दोनों



पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा की और भारत-चीन संबंधों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी सहमति को आगे बढ़ाने के तरीकों पर विचार किया। दोनों पक्षों ने व्यापार और आर्थिक संबंधों, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा लोगों के बीच आपसी संपर्क को बढ़ावा देकर सहयोग बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा क विदेश सचिव श्री विक्रम मिस्त्री ने चीन की विदेश मामलों की उप-मंत्री सुश्री हुआ चुनयिंग से मुलाकात की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की और दोनों नेताओं के उस विजन को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की, जिसके तहत भारत और चीन एक-दूसरे के साझेदार हैं और एक-दूसरे के लिए विकास के अवसर हैं। इसमें व्यापार और आर्थिक संबंधों, संस्कृति तथा लोगों के बीच आदान-प्रदान के माध्यम से पारस्परिक लाभ वाले परिणाम शामिल हैं। दोनों पक्षों ने भारत-चीन सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व को स्वीकार किया। यह बैठक विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की चीन की आधिकारिक यात्रा का हिस्सा है। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कई उच्चस्तरीय बैठकें कीं। इससे पहले दिन में विदेश सचिव ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के अंतरराष्ट्रीय विभाग की उप-मंत्री सुन हैयान से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों पक्षों ने भारत और चीन के नेताओं द्वारा दिए गए निर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करने के उपायों पर चर्चा की। इसमें आपसी प्राथमिकता वाले मुद्दों का समाधान तथा राजनीतिक, शैक्षणिक, थिंक-टैंक और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## पत्रकार बनकर चौथ वसूली करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमर भास्कर, ब्यूरो

**मथुरा।** थाना गोविन्दनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पत्रकार बनकर चौथ वसूली करने और महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 28 जुलाई 2026 को तड़के वादिया के घर से आरोपी रिहान पुत्र मुकीम निवासी सुखदेव नगर कालोनी थाना कोतवाली जनपद मथुरा उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफमु०अ०सं० 307/2026 धारा 115(2)/74/308(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। आरोपी पर वादिया व उसकी साथी के साथ मारपीट, छेड़छाड़ करने तथा डराकर 20,000 रुपये की मांग



करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार आरोपी 10,000 रुपये चौथ के रूप में वसूल भी कर चुका था। रिहान के खिलाफथाना कोतवाली में मु०अ०सं० 611/23 धारा 147, 149, 323, 504, 506 भादवि के तहत पहले से भी मुकदमा दर्ज है। इस गिरफ्तारी में थाना गोविन्दनगर के थानाध्यक्ष अजय वर्मा तथा उपनिरीक्षक मयंक चौकी प्रभारी डींग गेट की टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है तथा मामले की आगे की जांच जारी है।

## गोवर्धन राधाकुंड और वृंदावन के साधु संतों ने किया उद्घाटन

अमर भास्कर, ब्यूरो

**मथुरा।** मुडिया पूर्णिमा मेले में गिरिराज महाराज की परिक्रमा के लिए उमड़े श्रद्धालुओं के बीच मंगलवार को राधाकुंड स्थित श्रीगुरु कार्ष्णि बृजनन्द उदासीन आश्रम (बागड़ी की प्याऊ, राधाकुंड, गोवर्धन) में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक साक्ष्यों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में मंदिर के इतिहास, उपलब्ध ऐतिहासिक दस्तावेजों तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण




से संबंधित तथ्यों को प्रदर्शित किया गया। दिनभर में लाखों परिक्रमार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मेले में पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं तक जनजागरण अभियान का संदेश पहुंचाया गया। प्रदर्शनी का आयोजन श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण में हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट की अगुवाई में किया गया। उनके निर्देशन में चलाए जा रहे जनजागरण अभियान के अंतर्गत किया गया। आश्रम के संस्थापक स्वामी रविन्द्रानंद महाराज ने पंपलेट वितरण कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वामी विश्वात्मानंद महाराज एवं संत श्यामानंदजी महाराज भी मौजूद रहे।

प्रदर्शनी में विभिन्न ऐतिहासिक ग्रंथों, अभिलेखों और दस्तावेजों के आधार पर तैयार सामग्री प्रदर्शित की गई। श्रद्धालुओं को बताया गया कि इन ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर हिंदू पक्ष न्यायालय में अपना दावा प्रस्तुत कर रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्मभूमि के इतिहास, मंदिर विध्वंस से जुड़े संदर्भों तथा न्यायालय में विचाराधीन वाद की जानकारी विस्तार से दी गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर संबंधित दस्तावेजों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

स्वामी रविन्द्रानंद महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि का इतिहास प्रत्येक सनातनी तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित सामग्री विभिन्न ऐतिहासिक पुस्तकों और प्रमाणिक स्रोतों से संकलित की गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से ऐतिहासिक तथ्यों को जानने, समझने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि मुडिया पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु गिरिराज महाराज की परिक्रमा कर रहे हैं। ऐसे समय में आयोजित यह प्रदर्शनी जनजागरण का प्रभावी माध्यम बनी है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है और हिंदू पक्ष ऐतिहासिक दस्तावेजों, अभिलेखों तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अपना पक्ष रख रहा है। उन्होंने कहा कि आंदोलन पूरी तरह संवैधानिक एवं न्यायिक प्रक्रिया के अनुरूप चलाया जा रहा है। श्रद्धालुओं से उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने तथा जनजागरण अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आश्रम के भक्त सुनील सिंह, निर्मला सिंह, सोनिया, सुनीता, शिखा सिंह, शिवम कुमार, विशाल सिंह, कान्हा, रवि कुमार, मोनू चौधरी, दिलीप चौधरी, तथा धर्म सिंह सहित अन्य सहयोगियों ने प्रदर्शनी संचालन, की जानकारी पहुंचाई गई।

## कमिश्नर, एडीजी, डीआईजी सहित डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

अमर भास्कर, ब्यूरो

**मथुरा।** प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेला 2026 को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में मेले के दृष्टिगत मंगलवार शाम को शीर्ष प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से गोवर्धन परिक्रमा मार्ग व आसपास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।




निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त नागेंद्र प्रताप सिंह आगरा, अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) आगरा जोन, पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) आगरा जोन शैलेश कुमार पांडेय, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह मथुरा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार मथुरा, एसपी ग्रामीण सुरेश चन्द्र रावत और सीओ गोवर्धन अनिल कुमार ने परिक्रमा मार्ग पर पैदल चलकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्थाओं, सुगम यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं के लिए की गई जनसुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। मेले की संवेदनशीलता को पूरी तरह ध्यान में रखते हुए मुख्य सीसीटीवी कंट्रोल रूम से परिक्रमा मार्ग की पल-पल की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात सभी संबंधित पुलिस व प्रशासनिक कर्मियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और व्यवस्थाओं को हर हाल में चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के कड़े दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं, पर्यटकों, दर्शनार्थियों और परिक्रमार्थियों के लिए की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय मुआयना किया, जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सेवाएं, यातायात प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई और पेयजल आपूर्ति, भंडारे, शौचालय, बैरियर और बैरिकेडिंग, वॉच टावर और प्रकाश (लाइटिंग) व्यवस्था शामिल रहीं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाहर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुदृढ़, सुगम और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है। इस उच्चस्तरीय निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, उप जिलाधिकारी गोवर्धन सुशील कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अफगानिस्तान-पाकिस्तान संघर्ष अब तक करीब 500 नागरिकों की मौत

संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर जारी संघर्ष में अक्तूबर से जून के अंत तक अफगानिस्तान में करीब 500 नागरिकों की मौत हुई है और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मानवाधिकार की स्थिति पर जारी अपनी रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन अफगानिस्तान (यूएनएएमए) ने बताया कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष में 499 नागरिक मारे गए और 1,216 लोग घायल हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर जारी संघर्ष में अक्तूबर से जून के अंत तक अफगानिस्तान में करीब 500 नागरिकों की मौत हुई है और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।



मानवाधिकार की स्थिति पर जारी अपनी रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन अफगानिस्तान (यूएनएएमए) ने बताया कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष में 499 नागरिक मारे गए और 1,216 लोग घायल हुए हैं पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच कई महीनों से रुक-रुककर संघर्ष जारी है। फरवरी में तनाव काफी बढ़ गया, जब अफगान बलों ने अफगानिस्तान के अंदर पाकिस्तानी हवाई हमलों के जवाब में पाकिस्तान में हमला किया। इसके बाद इस्लामाबाद ने इसे खुला युद्ध बताया।

पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान ऐसे आतंकियों को पनाह दे रहा है, जो पाकिस्तान में घातक हमले करते हैं। इन हमलों में पिछले कई वर्षों में हजारों लोग मारे गए हैं। इनमें खासतौर पर पाकिस्तानी तालिबान यानी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) शामिल है। यह संगठन अफगान तालिबान का सहयोगी है, जिसने 2021 में अमेरिका के नेतृत्व वाली सेनाओं की वापसी के दौरान अफगानिस्तान में सत्ता संभाली थी। काबुल ने इन आरोपों से इनकार किया है। इस संघर्ष के सबसे घातक हमले में मार्च में पाकिस्तानी हवाई हमले ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक नशा मुक्ति केंद्र को निशाना बनाया था, जिसमें सैकड़ों नागरिकों की मौत हुई थी।

## पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर से क्यों मिले दो अमेरिकी सांसद?

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रावलपिंडी में दो अमेरिकी सांसदों ने सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मलाकात की। यह मुलाकात इस्लामाबाद और वाशिंगटन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों के तहत हुई। पाकिस्तान की सैन्य मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि यह बैठक सोमवार को रावलपिंडी स्थित जनरल हेडक्वार्टर





में हुई। इसमें कहा गया है कि मोंटाना के कांग्रेसी रयान जिन्के और वाशिंगटन के माइकल बॉमगार्टनर। दोनों अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्यों ने फील्ड मार्शल मुनीर के साथ अपनी बैठक के दौरान आपसी हित के मामलों, क्षेत्रीय सुरक्षा, द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

दो रिपब्लिकन सांसदों का यह दौरा अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों में आई नई गति के बीच हो रहा है, जिसमें पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में लौटने के बाद दोनों पक्षों ने उच्च स्तरीय राजनीतिक, रक्षा और आर्थिक संपर्कों को बढ़ाया है। इस साल की शुरुआत में दोनों देशों के बीच शत्रुता शुरू होने के बाद से पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता की है। इस महीने हुए नए हमलों के बाद टूटे युद्धविराम को फिर से लागू करने के प्रयासों के बीच इस्लामाबाद वाशिंगटन और तेहरान दोनों के साथ लगातार संपर्क में है। आईएसपीआर के अनुसार, मुनीर ने अमेरिका के दौरे पर आए सांसदों के सामने पाकिस्तान की आर्थिक क्षमता को उजागर किया। इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय स्थिरता आर्थिक विकास, व्यापार विस्तार और क्षेत्रीय संपर्क से निकटता से जुड़ी हुई है। उन्होंने पाकिस्तान में चल रहे संरचनात्मक सुधारों पर भी जोर दिया, जिनका उद्देश्य व्यापार के अनुकूल वातावरण बनाना और विदेशी निवेश को आकर्षित करना है। आईएसपीआर ने कहा, प्रतिनिधिमंडल की पेशेवर पृष्ठभूमि और अंतर्दृष्टि को ध्यान में रखते हुए। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय आर्थिक जुड़ाव, निजी क्षेत्र की साझेदारी और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने के संभावित अवसरों पर चर्चा की। इसमें आगे कहा गया है कि अमेरिकी सांसदों ने दोनों देशों के बीच गहरे आर्थिक, वाणिज्यिक और संस्थागत संबंधों को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। दोनों कांग्रेसी नेता पिछले सप्ताह पाकिस्तान पहुंचे और लाहौर का दौरा भी किया, जहां उन्होंने पंजाब के राज्यपाल सरदार सलीम हैदर खान से मुलाकात की। सरकारी पाकिस्तानी टेलीविजन से बात करते हुए बॉमगार्टनर ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होने वाले हैं। वहीं, जिंके ने कहा, संबंध पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे। मुनीर ने हाल के वर्षों में ट्रंप प्रशासन के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित किए हैं। ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से मुनीर को अपना ष्पसंदीदा फील्ड मार्शल बताया है, जबकि पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित किया है।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022